नई दिल्ली
गुरुवार 30 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 11
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पर बड़ी खबर**

## मई में पीएफ का ब्याज आएगा अकाउंट में साढ़े सात गुना बढ़ सकती है पेंशन




नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को लेकर बड़ी खबर है। सरकार पीएफ रजिस्टर्ड कर्मचारियों को लाभ देने के लिए कई चीजों पर विचार कर रही है। खासकर पेंशन में योगदान देने वाले कर्मचारियों को बड़ा लाभ देने पर विचार कर रही है। श्रमिक संगठन मांग कर रहे हैं कि सरकार ईपीएस के तहत पेंशन को 1 हजार से बढ़ाकर 7500 रु. करे। अगर ▸▸ शेष पेज 5 पर




**एग्जिट पोल्स के अनुमान सामने आए...इनके अनुसार ये हो सकते हैं नतीजे**

# बंगाल में खिलेगा कमल, असम में भाजपा की हैट्रिक, पुडुचेरी में वापसी, केरलम में कांग्रेस के आसार, तमिलनाडु में डीएमके

- ▸▸ बंगाल में ममता की विदाई के आसार
- ▸▸ केरलम की सत्ता से कम्युनिस्टों की सफाई
- ▸▸ असम में हिमंता नायक बनकर उभरे
- ▸▸ तमिलनाडु में डीएमके की वापसी के संकेत

***प्रजा पोल ने तो बंगाल में भाजपा की सबसे बड़ी जीत की भविष्यवाणी करते हुए उसे 178-208 सीटें मिलने का अनुमान जताया***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल जारी हो गए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल के नतीजे सबसे ज्यादा चौंकाने वाले हैं। बंगाल के पांच एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को पीछे छोड़ती नजर आ रही है। केवल एक पोल में टीएमसी को बढ़त दिखाई गई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में 7 प्रमुख एग्जिट पोल्स में से 5 सर्वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का साफ संकेत दे रहे हैं। पांचों सर्वे में भाजपा न केवल तृणमूल कांग्रेस को पछाड़ती दिख रही है, बल्कि स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य में अपनी पहली सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। प्रजा पोल ने तो भाजपा की सबसे बड़ी जीत की भविष्यवाणी करते हुए उसे ▸▸ शेष पेज 5 पर

### असम : 6 एग्जिट पोल्स में भाजपा

असम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के नतीजे सामने आने लगे हैं और इनमें सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ी बढ़त मिलती दिख रही है। 6 प्रमुख एजेंसियों के अनुमानों के अनुसार भाजपा गठबंधन राज्य में बहुमत के साथ सरकार बनाती नजर आ रही है।

### केरलम : राज्य में सत्ता का परिवर्तन

केरलम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में राज्य में परिवर्तन होता नजर आ रहा है । एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन सत्ता में वापसी करता दिख रहा है, जबकि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। मैट्रिज ▸▸ शेष पेज 5 पर

### फलोदी सट्टा बाजार ने दिए बंगाल में बदलाव के संकेत

राजस्थान के चर्चित फलोदी सट्टा बाजार ने चुनावों को लेकर जो भविष्यवाणी की है, उसने सियासी हलचल बढ़ा दी है। फलोदी सट्टा बाजार के हिसाब से यहां ममता दीदी की कुर्सी पर संकट ▸▸ शेष पेज 5 पर

| बंगाल में भाजपा | तमिलनाडु में डीएमके | असम में भाजपा |
|---|---|---|
| भाजपा: 146-149 | डीएमके: 140-143 | एनडीए: 98-100 |
| टीएमसी: 140-143 | एआईएडीएमके: 45-65 | एएसएम: 23-25 |

**पश्चिम बंगाल** — कुल सीटें: 294, बहुमत 148

| एजेंसी | टीएमसी | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| माय इंडिया मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटजीज | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पी मारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |

**असम** — कुल सीटें: 126, बहुमत: 64

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| इंडिया टुडे-एक्सिस | 88-100 | 24-36 | 0-0 |
| माय इंडिया मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| पीपल्स पल्स | 83-91 | 23-11 | 3-5 |
| पी मारक्यू | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| जेवीसी | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| चाणक्य स्ट्रेटजीज | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 0-0 |

**पश्चिम बंगाल में चुनाव संपन्न**

## दूसरे चरण में 91% मतदान 4 मई को हो जाएगा फैसला

- ▸▸ नॉर्थ 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा
- ▸▸ दावा- हावड़ा में सीआरपीएफ की पिटाई से बुजुर्ग की मौत


हुगली जिले के खानकुल में टीएमसी और निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 91.31% वोटिंग हुई है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में बूथ नंबर 120 पर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मतदान के बाद भी पहरा तैनात रहेंगी सुरक्षा बलों की 700 कंपनियां

पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद भी राज्य में सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। चुनाव आयोग की तैनाती योजना के अनुसार पोलिंग खत्म होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 700 कंपनियां राज्य में ही रुकी रहेंगी। ये कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था की ▸▸ शेष पेज 5 पर




### जेपी नड्डा आज करेंगे स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन की शुरुआत

**नई दिल्ली।** देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा 30 अप्रैल को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में अच्छे एवं पुनरुत्पादित किए जा सकने वाले प्रथाओं और नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में अपनाई गई इनोवेटिव और प्रभावशाली प्रथाओं को प्रदर्शित करना है। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में सुधार पर चर्चा होगी।

**गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर बोले प्रधानमंत्री मोदी**

# सपा-कांग्रेस विकास विरोधी और नारी विरोधी भी, दोनों ने महिला आरक्षण का किया विरोध

एजेंसी ▸▸ हरदोई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई में 594 किमी लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। लगभग 36,230 करोड़ की लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय अभी के 10-12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कहा ककि मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस वे का ये वरदान ये भी मां गंगा का ही आशीर्वाद है।

अब आप कुछ ही घंटों में संगम भी पहुंच सकते हैं, और काशी में बाबा के दर्शन करके भी वापस आ सकते हैं। आधुनिक प्रगति के दौर में उनके समीप से गुजरता ▸▸ शेष पेज 5 पर

**594** किमी लंबा एक्सप्रेसवे

**36,230** करोड़ की लागत से बना

**12** जिलों को जोड़ेगा यह वे

## यह उत्तर प्रदेश की लाइफ लाइन, मां गंगा का आशीर्वाद


रिमोट दबाकर एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में हैं उत्तरप्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री

**आधुनिक हस्तरेखाएं बता रहीं भारत का भविष्य उज्ज्वल**

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले मुझे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का अवसर मिला था। तब मैंने कहा था कि ये नए बनते एक्सप्रेसवे विकसित होते भारत की हस्तरेखाएं हैं, और ये आधुनिक हस्तरेखाएं, आज भारत के उज्ज्वल भविष्य का जयघोष कर रही हैं।

**डिजिटल ठगी पर बड़े एक्शन की तैयारी**

## व्हाट्स-अप करेगा स्कैम से जुड़े डिवाइस ब्लॉक, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया नया प्लान




हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस-सीबीआई कॉल, बैंक फ्रॉड और साइबर ठगी के तेजी से बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार अब बड़ा और सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि व्हाट्अप ने उन डिवाइस आईडी को ब्लॉक करने की संभावना पर सहमति जताई है, जो डिजिटल ठगी और साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रहे हैं। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई विस्तृत रिपोर्ट*

*यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक स्टेटस रिपोर्ट में दी। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय ने दाखिल की थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। रिपोर्ट में सरकार ने साइबर फ्रॉड रोकने के लिए चार बड़े मोर्चों पर कार्रवाई की रूपरेखा रखी है। प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना, बैंकिंग सुरक्षा मजबूत करना, सिम कार्ड की ट्रेसबिलिटी बढ़ाना, पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने जैसे कदम उठाने का फार्मूला सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया है। केंद्र सरकार ने कहा* ▸▸ शेष पेज 5 पर

**एयरलाइंस ने सरकार को किया अलर्ट**

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें - महंगी हो सकती है विमान यात्रा

- विमान फ्यूल की कीमतों में तेज उछाल से संचालन मुश्किल, उड़ानें रद्द होने का खतरा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों के संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने सरकार को अलर्ट करते हुए कहा है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमानन ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से एयरलाइन उद्योग गंभीर संकट में पहुंच गया है। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी बड़ी एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाले एफआईए ने कहा है कि यदि जल्द राहत नहीं दी गई तो उड़ानें रद्द करनी पड़ सकती हैं और कई परिचालन बंद होने की नौबत आ सकती है। एफआईए ने 26 अप्रैल को सरकार को पत्र लिखकर 1 मई को होने वाली अगली एटीएफ मूल्य समीक्षा से पहले तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का कहना है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग एटीएफ मूल्य निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था एयरलाइंस ▸▸ शेष पेज 5 पर



### *अप्रैल में रिकॉर्ड बढ़ोतरी*

*1 अप्रैल को सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ कीमतों में 114.55 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की थी। कीमत 96,638 प्रति किलोलीटर से बढ़कर 2,07,341 प्रति किलो लीटर (दिल्ली) हो गई। वहीं विदेशी एयरलाइंस के लिए भी कीमतों में 107 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 816.91 डॉलर प्रति किलो लीटर से बढ़कर 1,690.81 डॉलर प्रति किलो लीटर पहुंच गई। बाद में सरकार के हस्तक्षेप के बाद घरेलू वृद्धि को घटाकर 8.6 प्रतिशत किया गया, जिससे अनुसूचित एयरलाइंस जैसे इंडिगो, स्पाइसजेट और एयर इंडिया के लिए दर 1,04,927 प्रति किलो लीटर तक लाई गई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय परिचालन पर पूरी बढ़ोतरी का असर जारी रहा। एयरलाइंस का कहना है कि अप्रैल की यह मूल्य वृद्धि पहले ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को घाटे का सौदा बना चुकी है और भारी नुकसान हो रहा है।*

### *पश्चिम एशिया संकट का असर*

*एफआईए के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत 72 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं एटीएफ कीमतें—जिन्हें एमोपीजी (मीन ऑफ प्लाट्स अरब गल्फ) प्लस प्रीमियम के आधार पर मापा जाता है-87.24 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 260.24 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं, यानी लगभग 295 प्रतिशत की वृद्धि। हालांकि बाद में यह घटकर 235.63 डॉलर प्रति बैरल हुई, लेकिन ब्रेंट क्रूड और एमोपीजी के बीच का अंतर, जो पहले 11-18 डॉलर प्रति बैरल के बीच था, अब बढ़कर 132.59 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है।*

### *परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी 60 फीसदी तक*

*एफआईए ने बताया कि सामान्यतः एटीएफ एयरलाइंस की कुल लागत का 30-40 प्रतिशत हिस्सा होता है, लेकिन मौजूदा हालात में यह बढ़कर 55-60 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इससे उड़ानों का संचालन लगभग असंभव हो रहा है। रुपये में गिरावट ने भी संकट बढ़ाया है, क्योंकि पॉलिमर, पेट्रोकेमिकल्स और अन्य सहायक उत्पादों की लागत* ▸▸ शेष पेज 5 पर

**वार्ता में शामिल किए जाएंगे रक्षा सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मामले**

## आज नई दिल्ली में होगी भारत और इटली के रक्षा मंत्रियों के बीच बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट की वजह से तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण



द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के रक्षा सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए किर्गिस्तान की ▸▸ शेष पेज 5 पर

## अंडमान-निकोबार में जमीन और पर्यावरण की लूट हो रही, जनता की आवाज दबाई जा रही : राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में जमीन, जंगल और पर्यावरण के कथित दोहन को लेकर केंद्र सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अंडमान-निकोबार के लोगों की जमीन छीनी जा रही है और बिना स्थानीय लोगों की सहमति के बड़े



उद्योगपतियों, कारोबारियों को सौंपी जा रही है। अंडमान-निकोबार के विजयपुरम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि यहां रहने ▸▸ शेष पेज 5 पर

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण में शामिल समूची टीम का बढ़ाया हौसला, दी बधाई**

**बंगाल की खाड़ी में सीकिंग हेलीकॉप्टर से दागी गई दो स्वदेशी मिसाइलें, मारक क्षमता लगभग 55 किलोमीटर**

# डीआरडीओ-नौसेना ने किया कम दूरी की दो एंटी शिप मिसाइलों का एकसाथ पहला परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मोर्चे पर बनी हुई चुनौतियों के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा राज्य के बंगाल की खाड़ी से लगे तट पर कम दूरी की एंटी शिप मिसाइल (एनएएसएम-एसआर) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

जिसमें पहली बार नौसेना के सीकिंग हेलीकॉप्टर से एक साथ दो मिसाइलें दागी गई हैं। यह एक उन्नत और स्वदेशी जहाज रोधी हवाई मिसाइल सिस्टम है। जिसकी कुल मारक क्षमता करीब 55 किलोमीटर तक की है। साथ ही यह अपने साथ 100 किलोग्राम उच्च-तीव्रता वाला विस्फोटक ले जाने में



भी सक्षम है। जो हमला करने के दौरान शत्रु के बड़े जहाजों को आसानी से नेस्तनाबूद कर सकता है। मिसाइलों के इस परीक्षण की मदद से देश के समुद्री सुरक्षा घेरे को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सकेगी। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *इन प्रयोगशालाओं ने बनाई मिसाइल*

*मंत्रालय ने कहा कि एनएएसएम-एसआर मिसाइल को हैदराबाद स्थित रक्षा केंद्र इमारत ने डीआरडीओ की कुछ अन्य प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेट्री, हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (पुणे), टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (चंडीगढ़) और आईटीआर चांदीपुर की मदद से बनाया है। वर्तमान में मिसाइलों का उत्पादन डीसीपीपी, भारतीय उद्योगों और स्टार्टअप की मदद से कर रहा है। यह सॉलिड प्रॉप्लशन बूस्टर और लॉन्ग बर्न सस्टेनर का इस्तेमाल करती है। इसके अलावा सीकर, एकीकृत एवियॉनिक्स मॉड्यूल, उन्नत नेवीगेशन एंड गाइडेंस, रेडियो ऑल्टमीटर, उन्नत नियंत्रण-निर्देशित एल्गोरिदम, टू वे डाटा लिंक के साथ हाई बैंडविथ, जेट वेन कंट्रोल सिस्टम को संगठन की तमाम प्रयोगशालाओं, उद्योगों द्वारा स्वदेशी रूप से बनाकर इसमें लगाया गया है।*

## नौ गिरफ्तार, 23 हथियार जब्त

# अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर गिरोह का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उत्तर भारत में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 23 अत्याधुनिक हथियार और 92 कारतूस जब्त किए। यह गिरोह सीमा पार से हथियार प्राप्त करता था। इस रैकेट का संचालन एनआईए के मामले में पैरोल लेकर फरार हुआ भगौड़ा अपराधी शाहबाज अंसारी और उसका चाचा रेहान अंसारी कर रहा था। रेहान भी भगोड़ा अपराधी है।

पुलिस ने पिछले पखवाड़े में दिल्ली और उत्तर प्रदेश में समन्वित अभियान चलाए, जिसके तहत गिरफ्तारियां और जब्ती हुई। इस गिरोह ने विदेशी निर्मित हथियार हासिल किए, जिन्हें कथित तौर पर नेपाल सीमा के रास्ते भारत में लाया गया और उनकी दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश में आपराधिक नेटवर्क को आपूर्ति की गई। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए 'एन्क्रिप्टेड संचार' मंचों का इस्तेमाल किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई 14 अप्रैल को उस्मानपुर से फरदीन (22) की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई थी। उसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और कारतूस बरामद किए थे। फरदीन से पूछताछ के बाद वसीक, वसीम मलिक, अमन उर्फ अभिषेक, आदिल, मोहम्मद अहमद, राहिल, इमरान और विशाल सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने विदेश निर्मित सहित 18 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो देसी शॉटगन, तीन देसी कट्टे, 92 कारतूस और छह मैगजीन बरामद की है। जांच में पता चला कि शाहबाज मुख्य संचालक था, जबकि रेहान इस गिरोह के लिए साजो सामान, वित्त और संचार का समन्वय करता था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए कई लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें हत्या, हथियार तस्करी और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्तता शामिल है। पुलिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने और इसके साथियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## चार्जशीट में 130 गवाहों के बयान किये गये शामिल

# एआई समिट विरोध प्रदर्शनः क्राइम ब्रांच ने की पांच हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ एक महीने तक चली सुनियोजित तैयारी का नतीजा था प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में पांच हजार से अधिक पन्नों की एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के 18 सदस्यों को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में बताया गया है कि विरोध प्रदर्शन अचानक नहीं, बल्कि एक महीने तक चली सुनियोजित तैयारी का नतीजा था।

दिल्ली पुलिस का दावा है कि यह विरोध प्रदर्शन अचानक नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत किया गया था, जिसका मकसद अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि खराब करना था। चार्जशीट में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब, मनीष शर्मा, श्री कृष्ण हरि और सिद्धार्थ अवधूत को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। पुलिस का यह भी दावा है कि एआई इम्पैक्ट ग्रुप नाम का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था। ओखला की एक प्रेस में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आपत्तिजनक तस्वीरों वाली लगभग 100 सफेद टी-शर्ट छपवाई गई थीं। इसके साथ ही जांच में सामने आया कि विरोध की योजना एक महीने पहले शुरू हुई थी और इस संबंध में एक दर्जन से अधिक बैठकें दिल्ली में आयोजित की गई थीं। चार्जशीट में 130 गवाहों के बयान शामिल किये गये हैं। आरोपियों पर अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने हंगामा करने, पुलिस के साथ धक्कामुक्की, सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा डालने और सुरक्षा घेरा तोड़ने का आरोप है। गौरतलब है कि 20 फरवरी को भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और मामले की जांच क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल को सौंपी गई थी।

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में किरायेदार की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले के शालीमार बाग इलाके में 35 वर्षीय व्यक्ति ने अपने किरायेदार की हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी से अवैध संबंधों के शक में हत्या को अंजाम दिया। आरोपी इंदिरा कॉलोनी निवासी वीरेंद्र ने मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसने 29 वर्षीय कन्हैया की हत्या की बात कबूली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एक टीम आरोपी के साथ इंदिरा कॉलोनी स्थित घटनास्थल पर पहुंची और पीड़ित को बिस्तर पर पड़ा पाया। उसका गला कटा हुआ था। इसके अलावा भी शरीर पर चाकू के कई घाव थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वीरेंद्र को शक था कि कन्हैया का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है, जिसके कारण उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से घटना के समय आरोपी की घटनास्थल पर मौजूदगी की पुष्टि हुई है। शालीमार बाग थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अंतर्राज्यीय नकली वीजा और नौकरी रैकेट में शामिल तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने अंतर्राज्यीय नकली वीजा और नौकरी रैकेट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रूस और तुर्की में नौकरी लगवाने का झांसा देते थे। इनसे पांच पीड़ितों के पासपोर्ट भी बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के नाम सलाउद्दीन मंसूरी उर्फ हैदर खान (38) निवासी सीवान, बिहार, मो. शहजाद (34) निवासी साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और कौशर (32) निवासी कुशीनगर, उत्तर प्रदेश है। छापेमारी टीम ने एनएसपी पीतमपुरा के पास से एक सुनियोजित ऑपरेशन के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि मुख्य आरोपी सलाउद्दीन मंसूरी 'सबा एंटरप्राइजेज' नाम की एक फर्जी कंपनी का एचआर मैनेजर बनकर काम करता था, जिसका कोलकाता में एक अस्थायी दफ्तर था। वे मेटा प्लेटफॉर्म (फेसबुक और व्हाट्सएप बिजनेस) पर ज्यादा सैलरी वाली विदेशी नौकरियों के विज्ञापन चलाते थे। नौकरी ढूंढने वाले लोग अपने-आप उनके पेज पर पहुंच जाते थे। आरोपी शुरू में पीड़ितों से कूरियर के जरिए उनके पासपोर्ट अपने दफ्तर भेजने के लिए कहते थे। फिर वे पासपोर्ट को स्कैन करवा लेते थे और पासपोर्ट की स्कैन की हुई कॉपी पर, फर्जी वीजा स्टैम्प बनाकर जाली वीजा मुख्य रूप से रूस, तुर्की और अजरबैजान के लिए तैयार करते थे। इसके बाद वे इन जाली वीजा को अस्थायी तौर पर बुक किए गए या पहले ही रद्द हो चुके हवाई टिकटों के साथ, पीड़ितों को भेज देते थे। दस्तावेजों को असली दिखाने के लिए उन्होंने फर्जी ऑनलाइन वेरिफिकेशन लिंक बनाए थे, जिन्हें पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए उनके साथ शेयर किया जाता था।

आरोपी बार-बार अपनी जगह बदलते रहते थे और कानून से बचने के लिए कोलकाता, गोरखपुर, नोएडा और पटना में अलग-अलग फर्मों के नाम से काम करते थे। वे आपस में तालमेल बिठाकर काम करते थे और उनके काम बंटे हुए थे जैसे क्लाइंट्स का इंतजाम करना, नकली दस्तावेज तैयार करना और पैसों का लेनदेन संभालना।

# कंपनी के कर्मचारियों से 70 लाख रुपये की लूट के मामले में चार किए अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम दिल्ली के इंदरपुरी इलाके में पिछले महीने एक कंपनी के दो कर्मचारियों से 70 लाख रुपये लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में कंपनी का एक कर्मचारी भी शामिल है, और उस पर आरोप है कि उसने नकदी की आवाजाही के बारे में जानकारी का खुलासा किया और अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 31 मार्च को अपराह्न करीब 3.30 बजे कृषि कुंज के पास हुई, जब मोटरसाइकिल पर सवार तीन हमलावरों ने एक कंपनी के दो कर्मचारियों को रोका और उनसे 70 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद, एक अप्रैल को इंदरपुरी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि कंपनी के एक कर्मचारी विकास (22) ने कथित तौर पर नकदी की आवाजाही के बारे में जानकारी 'लीक' की थी और अपने साथियों - मोहम्मद कैफ (25), ऋषि यादव (22) और सौरभ उर्फ बाचा (23) - के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी लूटी गई रकम लेकर फरार हो गए थे।

उन्होंने बताया कि लगातार निगरानी दिल्ली और हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के आसपास के इलाकों में कई बार दबिश देने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस ने लूटी गई 53.40 लाख रुपये की नकदी और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

ऋषि यादव का संबंध रणहोला थाने में बीएनएस और पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले से है, जबकि सौरभ पर पहले भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है।

# दोहरे हत्याकांड में भगौड़ा घोषित आरोपी राजस्थान से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने उत्तम नगर में दुश्मनी के चलते दो लोगों की हत्या करने के आरोपी 24 वर्षीय युवक को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। उत्तम नगर निवासी आरोपी आकाश उर्फ अक्की पिछले साल दिसंबर से फरार था और द्वारका कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर चुकी थी।

पुलिस के अनुसार यह मामला 21 दिसंबर 2025 की घटना से संबंधित है। उत्तम नगर में निजामुद्दीन और मोहम्मद समीर नामक दो व्यक्तियों पर हमला किया गया था। निजामुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समीर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। सुमित और निखिल नाम के दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आकाश फरार था। हाल ही में पता चला कि वह राजस्थान के ब्यावर में छिपा हुआ था। पुलिस ने ब्यावर में छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आकाश ने कथित तौर पर कबूल किया कि उसने अपने साथियों के साथ दुश्मनी के चलते हत्याएं की और गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली से भाग गया था। पुलिस ने बताया कि वह एक दोस्त के साथ रह रहा था और पकड़े जाने से बचने के लिए बार-बार अपने फोन नंबर बदल रहा था।

# एमसीडी दफ्तर की तीसरी मंजिल से कूदकर एएसआई ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ छह महीने से चल रहा था सस्पेंड
■ अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का लगाया था आरोप

दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी जोन कार्यालय की बिल्डिंग से कूदकर एएसआई ने बुधवार को जान दे दी। मृतक एएसआई का नाम राजकुमार सोलंकी था और वह करीब छह महीने से निलंबित चल रहा था। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि एक दिन पहले भी वह काफी परेशान होकर ऑफिस से निकले थे। उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। घटना का वीडियो भी वायरल रहा है जिसमें राजकुमार गमलों के बीच पड़े हुये हैं। उनके सिर से खून बह रहा है।

सूत्रों का कहना है कोई अधिकारी इन्हें बहाल नहीं कर रहा था। इस वजह से राजकुमार सोलंकी अवसाद में चल रहे थे। वह निगम के डेम्स विभाग में तैनात थे। तत्कालीन निगम उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने उन्हें निलबिंत किया था। कुछ ही सप्ताह पहले अभिषेक मिश्रा को सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## डीपीसीसी ने टिकरी बॉर्डर आईएसबीटी परियोजना को शीघ्र लागू करने के लिए विशेष आयुक्त को दिया ज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने टिकरी बॉर्डर आईएसबीटी परियोजना को शीघ्र लागू करने की मांग करते हुए परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। डॉ. नरेश के अनुसार ज्ञापन में लिखा है कि टिकरी बॉर्डर पर आईएसबीटी परियोजना पर दिल्ली सरकार तुरंत कार्य शुरू करें, अन्यथा कांग्रेस पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी। डॉ. नरेश ने कहा कि जून 2024 में पिछली आप पार्टी की दिल्ली सरकार ने टिकरी बॉर्डर पर दिल्ली के चौथे आईएसबीटी के निर्माण की घोषणा की थी। लेकिन फरवरी 2025 में नई भाजपा सरकार के गठन के बाद से इस परियोजना पर अभी तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनहित से जुड़ी हुई है और इसके लागू होने से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से आने वाली अंतरराज्यीय बसों का संचालन सुव्यवस्थित होगा। इससे दिल्ली के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। डॉ. नरेश ने कहा कि वर्तमान में टिकरी बॉर्डर पर आईएसबीटी न होने के कारण अंतरराज्यीय बसों को दिल्ली शहर के अंदर तक आना पड़ता है। बसों के अंदर आने जाने से जहां भारी ट्रैफिक जाम की समस्या होती है वहीं आम नागरिकों को कई तरह की असुविधा का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैंने 24 अप्रैल 2026 को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा था। उस समय उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाते हुए मेरे अनुरोध को दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज सिंह को अग्रेषित किया था। उसी दौरान परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने भी आश्वस्त किया था कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मगर अब तक इस पर कुछ कार्रवाई नहीं हुई है। डॉ. नरेश ने दिल्ली सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस महत्वपूर्ण परियोजना पर शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा।

## यमुना बाजार क्षेत्र के विकास के लिए एलजी ने बुलाई बैठक, डीडीए सहित अन्य निकायों को निर्देश



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को डीडीए व अन्य निकायों के आला अधिकारियों की एक अहम बैठक बुलाई। लोक निवास में हुई इस बैठक में मुख्य रूप से ऐतिहासिक यमुना बाजार क्षेत्र और उसके नजदीक घाटों के पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार पर विस्तार से चर्चा हुई। जानकारी अनुसार हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ एलजी ने यमुना बाजार क्षेत्र का दौरा किया था। उस समय यमुना बाजार क्षेत्र और उसके नजदीक घाटों के पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार को लेकर सीएम ने एलजी से आग्रह किया कि यह क्षेत्र धार्मिक व ऐतिहासिक रूप से अहम है। इसलिए यहां का पुनरुद्धार किया जाना चाहिए। जिसके बाद एलजी ने यह बैठक बुलाई। बैठक में एलजी संधू ने डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवन कुमार व अन्य अधिकारियों को यमुना बाजार, नजदीकी घाटों के पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार को लेकर एक डिटेल रिपोर्ट बनाने के लिए निर्देश दिए है। जिसमें यहां के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को ध्यान में रखकर कार्य योजना बनाने को कहा है। एलजी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विरासत वाले क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने और उस पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के लिए निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे आध्यात्मिक पर्यटन के महत्व को शामिल करके, हरित क्षेत्रों का विस्तार करें और स्थानीय लोगों के लिए बेहतरीन आजीविका के स्थायी अवसर भी पैदा करें। यहां की जीर्णोद्धार योजना को और अधिक परिष्कृत करने की आवश्यकता है। एलजी ने कहा कि इस क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाढ़ से बचाव के पुख्ता उपायों पर भी गहनता से जोर दिया गया है।


## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर०संचार अभि० / प्रोजेक्ट यूनिट दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T. No. | Project_DLI_SNT_26_07 dated 29.04.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अंतर्गत दिल्ली–बठिंडा, सोनीपत–गोहाना और शामली–टपरी सेक्शन में TVU>10000 वाले लेवल क्रॉसिंग (LC) गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए (सिग्नल एंड टेलीकॉम) कार्यों के लिए टेंडर। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 2,86,53,570.90/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 573100/- |
| 5. | समापन अवधी | 12 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 21.05.2026 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 21.05.2026 को 11.30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या:– Project_DLI_SNT_26_07 dated 29.04.2026 1441/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | "65 मिमी गेज की मशीन से क्रश की गई कठोर पत्थर की बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग, लोडिंग एवं अनलोडिंग **72,070 Cum**, जो रेलवे विनिर्देश IS/RDSO-GE/0001:2023 (फरवरी 2023) तथा उसके नवीनतम करेक्शन स्लिप के अनुरूप हो, निर्धारित स्रोतों से– रामकुमारपुरा खनन क्षेत्र (ग्राम रामकुमारपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू, राजस्थान) या खानक खनन क्षेत्र (HSIIDC के नियंत्रणाधीन), तहसील तोशाम, जिला भिवानी, हरियाणा– से, उप डिपो–1, तुगलकाबाद (TKD) बैलास्ट डिपो, DEN/Track/DLI के अंतर्गत।" (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02–26–27 –डब्ल्यू.सी.) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 18,96,55,918.48/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 37,93,200/- |
| 4 | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई– निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू **दिनाँक 07/05/2026** को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय एवं ई–निविदा खुलने का **दिनांक 21/05/2026** को 15:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्रसंख्या 128–ड्ब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा–02–26–27–ड्ब्ल्युसी
दिनांक :– 29.04.2026 1436/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोगेंद्र सिंह पुत्र छोटे लाल निवासी मकान नंबर आई–2/25, बुद्ध विहार, फेज–1, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 519/2023, अंतर्गत धारा 279/338 आईपीसी अधिनियम, थाना बुद्ध विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोगेंद्र सिंह** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोगेंद्र सिंह** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 519/2023, अंतर्गत धारा 279/338 आईपीसी अधिनियम, थाना बुद्ध विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जोगेंद्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**संयम जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 112
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/5473/RD/2026**
**(Court Matter)**


## परिवहन मंत्री ने ड्राफ्ट दिल्ली ईवी पॉलिसी पर स्टेकहोल्डर के साथ परामर्श सम्मेलन को किया संबोधित

# सरकार मजबूत और भविष्य उन्मुख ईवी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार एक मजबूत और भविष्य उन्मुख ईवी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरी है। नई ईवी पॉलिसी का अगला चरण सार्वजनिक परिवहन से लेकर लास्ट-माइल डिलीवरी तक सभी क्षेत्रों में अपनाने को बढ़ावा देगा। यह बातें बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 'ड्राफ्ट दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026' पर एक स्टेकहोल्डर परामर्श सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

डॉ. पंकज ने कहा कि इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य उद्योग जगत से मिले सुझावों और अनुशंसाओं के आधार पर ईवी पॉलिसी को और अधिक सशक्त, मजबूत और व्यवहारिक बनाना है। इस परामर्श सम्मेलन में ओला ग्रुप, उबर, रैपिडो, पोर्टर जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स और लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ-साथ ज़ोमैटो, ब्लिंकिट, स्विगी और फ्लिपकार्ट के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया, लाइकोमैटेरियल समेत कई अन्य संगठनों ने पॉलिसी को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। परामर्श बैठक को पांच सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में उद्योग से जुड़े फीडबैक, निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और नीति सुझावों पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में स्क्रैपेज नीति और एंड-ऑफ-लाइफ वाहन प्रबंधन पर फोकस। तीसरा सत्र में सरकारी विभाग– विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और कार्यान्वयन रणनीतियों पर विचार-विमर्श। चौथे सत्र में फ्लीट एग्रीगेटर्स– फ्लीट इलेक्ट्रिफिकेशन, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और संचालन संबंधी चुनौतियों पर चर्चा और पांचवें सत्र में बैटरी लाइफसाइकिल, रीसाइक्लिंग फ्रेमवर्क और सर्कुलर इकोनॉमी पर विचार-विमर्श किया गया।

मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि एग्रीगेटर्स, निर्माताओं, रीसाइक्लर्स और ई-रिक्शा यूनियनों जैसे जमीनी स्तर के हितधारकों के सुझाव एक ऐसी नीति तैयार करने में बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से व्यवहारिक और सामाजिक रूप से समावेशी हो। हम एक समग्र इकोसिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो निर्माण से लेकर रीसाइक्लिंग तक पूरे ईवी वैल्यू चेन को कवर करता हो। इस परामर्श के दौरान अनौपचारिक नेटवर्किंग सत्रों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के बीच संवाद को भी बढ़ावा मिला, जिससे ईवी पॉलिसी को प्रभावी तरीके से लागू करने में सहयोग सुनिश्चित करेगा। मंत्री डॉ. पंकज ने ई-रिक्शा सेक्टर के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि यूनियनों और अन्य प्रतिनिधियों द्वारा पहले उठाए गए मुद्दों—जैसे स्टैंडिंग/पार्किंग, सब्सिडी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिल्ली सरकार ने काम शुरू कर दिया है। साथ में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी नाबालिग वाहन न चलाएं। हीट वेव को ध्यान में रखते हुए मंत्री डॉ. पंकज ने बसों में कोल्ड बॉक्स की व्यवस्था, बस स्टेशनों पर ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## पुलिस ने तेज रफ्तार कार का पीछा कर शराब बरामद की, तीन दबोचे

**एजेंसी,नई दिल्ली।** पुलिस ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के केशवपुरम में तेज रफ्तार कार का पीछाकर तीन कथित शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने भागने की कोशिश में पुलिस के एक वाहन को टक्कर भी मार दी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना तड़के करीब पांच बजे हुयी जब रात्रि गश्त पर निकली पुलिस टीम ने एक संदिग्ध सफेद रंग की कार को देखा। पुलिस ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक मोहित, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत, संजीव और दीपक वाहन चोरी रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी उनकी नजर उस कार पर पड़ी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब टीम ने वाहन को रुकने का इशारा किया, तो उसमें सवार लोगों ने भागने की कोशिश की और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए जानबूझकर एक सरकारी वाहन को टक्कर मार दी ताकि बचकर भाग सकें। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद, पुलिस दल ने कार का पीछा किया और थोड़ी देर की मशक्कत के बाद उसे रोक लिया। अधिकारियों ने बताया कि नीरज, पिंटू और बृजेश नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कार की तलाशी लेने पर अवैध शराब की 17 पेटियां बरामद हुईं, जिन्हें जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

खबर संक्षेप

## एनडीएमसी ने नागरिकों से की मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे तापमान, बढ़ती तपिश और लू जैसी गंभीर परिस्थितियों की संभावना को ध्यान में रखते हुए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को सत्य सदन, चाणक्यपुरी पार्क और परिषद् मुख्यालय में पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने की विशेष पहल की शुरुआत की। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और उनके पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता के विचारों से प्रेरित होकर इस विशेष पहल की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य, उद्यान और सिविल विभाग के प्रमुख अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलजीत सिंह चहल ने नागरिकों, आरडब्ल्यूए और मार्किट एसोसिएशन से अपने घरों के आस-पास पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने अपील की है।

## 'दिल्ली सरकार होम्योपैथी को मजबूत बनाने के लिए कर रही है काम'

नई दिल्ली। हमारी सरकार होम्योपैथी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक स्पष्ट और दूरदर्शी रोडमैप पर काम कर रही है, विशेष रूप से जीवनशैली से संबंधी बीमारियों और तनाव-संबंधी समस्याओं के बढ़ते बोझ को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। यह बातें दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक सेमिनार में कहीं। गौरतलब है कि डॉक्टर क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के अवसर पर दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 'विश्व होम्योपैथी दिवस' (डब्ल्यूएचडी) 2026 का मनाया गया। इस अवसर पर 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन के युग में होम्योपैथीः परंपराओं को जोड़ना, स्वास्थ्य को आगे बढ़ाना' विषय पर एक वैज्ञानिक सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पहली बार दिल्ली राज्य आयुष सोसायटी और आयुष निदेशालय, दिल्ली सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

'दिल्ली को स्वच्छ, सुदृढ़ और पारदर्शी बनाना प्राथमिकता'

# एमसीडी चुनाव : प्रवेश वाही महापौर, मोनिका पंत उप महापौर निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाना भाजपा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नवनिर्वाचित महापौर प्रवेश वाही ने महापौर का पदभार संभालने के बाद अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए प्रेसवार्ता में यह बात कही।

दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को लेकर महापौर प्रवेश वाही ने बड़ा लक्ष्य रखते हुए कहा कि भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइट्स को दिसंबर 2026 तक खत्म करने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है, जबकि गाजीपुर साइट को 2027 के अंत तक समाप्त करने का लक्ष्य है। उन्होंने वेस्ट-टू-एनर्जी और गीले कचरे के निस्तारण के लिए नए प्लांट्स पर भी जोर दिया। महापौर पद पर चुनाव में कुल 165 मत पड़े, जिनमें



कोई भी मत अमान्य नहीं था। प्रवेश वाही को 156 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस दल के उम्मीदवार जरीफ को 9 मत मिले। वहीं, भाजपा की मोनिका पंत उप महापौर निर्वाचित हुईं। इस अवसर पर महापौर ने उपमहापौर और नेता सदन की उपस्थिति में केंद्रीय नेतृत्व, दिल्ली प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है और वह इसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

महापौर वाही ने माना कि दिल्ली नगर निगम की स्थिति एक साल पहले बहुत संतोषजनक नहीं थी, लेकिन पिछले एक वर्ष में सुधार के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत और अन्य बुनियादी कार्य अब जमीन पर दिखाई देने लगे हैं, हालांकि शहर की विशाल आबादी को देखते हुए और समय की आवश्यकता है।

### 'ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर दिया जाएगा विशेष ध्यान'

ग्रामीण इलाकों में सफाई व्यवस्था को लेकर उठे सवालों पर महापौर ने आश्वासन दिया कि इन क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अंत में उन्होंने दिल्लीवासियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में सफाई, सड़कों की स्थिति, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिक सुविधाओं में स्पष्ट सुधार दिखाई देगा। मॉनसून की तैयारियों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही 50 करोड़ रुपये से अधिक की आधुनिक मशीनरी लाई जा रही है। साथ ही, ठेकेदारों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 'रिहायशी इलाकों में चल रही दुकानों पर नहीं होगी कार्रवाई, केवल सर्वे होगा : महापौर'

नवनिर्वाचित महापौर प्रवेश वाही ने रिहायशी इलाकों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर फैले डर को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि निगम केवल सर्वे कर रहा है, किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी। महापौर वाही ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर देशभर के नगर निगमों को अपने-अपने क्षेत्रों में रिहायशी इलाकों में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। इसी के तहत एमसीडी द्वारा यह सर्वे किया जा रहा है।

### 'निगम कर्मियों के मामले में जल्द ही सामने आएंगे सकारात्मक परिणाम'

एमसीडी के वित्तीय संकट पर प्रतिक्रिया देते हुए वाही ने कहा कि कर्मियों के वेतन समय पर दिए जा रहे हैं और बकाया भी धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार से मिले बजट सहयोग से स्थिति में सुधार होगा। कर्मियों की मांगों पर उन्होंने कहा कि ग्रुप-डी कर्मियों के नियमितीकरण, एमटीएस की सैलरी बढ़ाने और अन्य लंबित मुद्दों पर तेजी से काम हो रहा है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

### 'भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

भ्रष्टाचार पर सख्त रुख अपनाते हुए महापौर ने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जाएगी और किसी भी अधिकारी की लापरवाही या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, भवन विभाग में सुधार, अनधिकृत कॉलोनियों में नियमानुसार निर्माण, राजस्व बढ़ाने और लीकेज रोकने पर भी जोर दिया गया।

### यादव, चड्ढा और जलज चुने गए स्थायी समिति सदस्य

महापौर एवं उप महापौर के चुनाव के बाद, स्थायी समिति के तीन सदस्य -वार्ड संख्या 27 (बेगमपुर) से भाजपा पार्षद जय भगवान यादव, वार्ड संख्या 82 से भाजपा पार्षद मनीष चड्ढा तथा वार्ड संख्या 55 से आम आदमी पार्टी के पार्षद जलज कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, इस चुनाव प्रक्रिया में आम आदमी पार्टी ने महापौर एवं उप महापौर पदों के चुनाव में भाग नहीं लिया।

### भाजपा के पास अब नहीं है कोई बहाना : अंकुश नारंग

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने महापौर उपमहापौर चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा के पास अब कोई बहाना नहीं है उन्हें दिल्ली की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए भी सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी।

# खराब मौसम से प्रभावित गेहूं की खरीद नियमों में सरकार देगी छूट : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खराब मौसम से प्रभावित गेहूं की खरीद नियमों में दिल्ली सरकार छूट देगी। इस छूट के तहत गेहूं में चमक की कमी (लस्टर लॉस) को 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया जाएगा। साथ ही, सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा को पहले के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक कर दिया गया है ताकि मौसम से प्रभावित फसल भी खरीद के दायरे में आ सके। हालांकि गुणवत्ता का संतुलन बनाए रखने के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि टूटे और हल्के टूटे दाने मिलाकर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। इस बात की घोषणा बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों की परेशानी कम करने और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी उपज बेचने (डिस्ट्रेस सेल)




से बचाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने ठोस पहल की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से 21 अप्रैल को भारत सरकार को भेजे गए अनुरोध पर विचार करते हुए, रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2026-27 के लिए पूरी दिल्ली के सभी जिलों में गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट को मंजूरी दी गई है, जो इस सीजन की शुरुआत से ही लागू होगी।

### 'छूट के तहत खरीदा गया गेहूं अलग तरीके से संभाला जाएगा'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कहा कि छूट के तहत खरीदा गया गेहूं अलग तरीके से संभाला जाएगा। इस गेहूं को सामान्य स्टॉक से अलग रखकर उसका अलग भंडारण किया जाएगा और उसका पूरा हिसाब-किताब अलग से रखा जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के गेहूं को प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले इस्तेमाल किया जाएगा, यानी इसे देर तक स्टोर नहीं रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार खरीदे गए गेहूं का उपयोग केवल दिल्ली के भीतर ही किया जाएगा, जिससे स्थानीय खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अगर भंडारण के दौरान इस गेहूं की गुणवत्ता में कोई गिरावट आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी।

## एकदिवसीय विशेष सत्र के नाम पर महिलाओं से हुआ धोखा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी पार्टी और दिल्ली की महिलाओं को धोखा देने के लिए बुलाया था। वर्ष 2023 में संसद में पास हो चुके नारी वंदन अधिनियम में स्पष्ट तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। जो प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से भरी जाने वाली सीटों पर लागू होगा और 15 वर्षों तक प्रभावी रहेगा। पहले से ही मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बना दिया है फिर रेखा गुप्ता विशेष सत्र बुलाकर उसे विधानसभा में लागू करने की बजाय उल्टा राग क्यों अलाप रही है। उन्होंने कहा कि सीएम को अगर महिलाओं के हित की बात अगर करनी है तो सबसे पहले दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देना शुरू करें। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा सत्र में कहा कि 2014 के बाद ही बदला हैं महिलाओं का परिदृश्य, बिलकुल सार्थक है। क्योंकि 2014-2026 के बीच देश में महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 से 2022 के बीच महिला अपराधों में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। एनसीआरबी अनुसार 2022 में कुल 4,45,256 मामले दर्ज हुए जो 2021 के मुकाबले 4 प्रतिशत अधिक थे और 2023 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# 'दिल्ली में बनेंगी 13 नई 'जीरो वेस्ट' गौशालाएं'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 13 नई गौशालाओं को 'जीरो वेस्ट मॉडल' पर विकसित किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को किशनगंज में दिल्ली पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित गौशाला परिसर में नवनिर्मित राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के अवसर पर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी कई गौशालाएं कम जगह में ज्यादा गौवंश रखकर उनकी देखभाल कर रही हैं, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार का लक्ष्य है कि गौमाता को पर्याप्त जगह और प्राकृतिक माहौल मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक नई गौशालाएं बनकर तैयार नहीं हो जातीं और गौवंश का स्थानांतरण पूरा नहीं हो जाता, तब तक मौजूदा गौशालाओं में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाएं सरकार लगातार उपलब्ध कराती रहेगी।

# मौलाना आज़ाद डेंटल कॉलेज में अत्याधुनिक सीबीसीटी सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में उन्नत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ़ डेंटल साइंसेज (एमएआईडीएस) में बुधवार को अत्याधुनिक 'कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी' (सीबीसीटी) मशीन से इलाज शुरू हो गया।

इस सुविधा का उद्घाटन दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने एमएआईडीएस के वरिष्ठ संकाय सदस्यों और अधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस पहल के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीबीसीटी तकनीक की शुरुआत से दो प्रमुख लाभ होंगे।



■ दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

रेडिएशन का काफी कम प्रभाव (पारंपरिक सीटी स्कैन की तुलना में 10 गुना तक कम) और डॉक्टरों, विशेष रूप से सर्जनों और दंत विशेषज्ञों के लिए अत्यधिक सटीक निदान की सुविधा मिलेगी। डॉ. पंकज ने कहाक सीबीसीटी के माध्यम से चिकित्सक शरीर के महत्वपूर्ण बनावटों जिसमें नसें भी शामिल हैं का स्पष्ट रूप से आकलन कर सकेंगे और सर्जरी की प्रक्रियाओं की योजना को और बेहतर तरीके से बना सकेंगे। इस तकनीक का हाई स्पेशल रिज़ॉल्यूशन इसे हड्डियों और दांतों की बनावट की विस्तृत इमेजिंग के लिए खास तौर पर इस्तेमाल किया जाता है और इलाज ज़्यादा असरदार और प्रभावी तरीके से होगा। नई स्थापित सीबीसीटी प्रणाली दंत इमेजिंग तकनीक में एक महत्वपूर्ण प्रगति है, जो हाई-रिजोल्यूशन 3डी इमेजिंग के साथ तेज़ स्कैनिंग (आमतौर पर एक ही रोटेशन में कुछ सेकंड के भीतर) की सुविधा प्रदान करती है।

## भेदभाव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगी सरकारः तिवारी

नई दिल्ली। सांसद मनोज तिवारी के साथ भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक पवन शर्मा एवं चंदन चैधरी और पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा सहित अनेक पूर्वांचल मोर्चा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उत्तम नगर स्थित दिवंगत पांडव कुमार के निवास पर जा कर उनकी माता मीणा देवी, पिता गणेश कुमार सिंह एवं अन्य परिजनों से मिला और दिल्ली भाजपा परिवार की ओर संवेदना प्रकट की।

परिवार से मिलने के बाद सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि पूर्वांचल समाज आज दिल्ली की अर्थ व्यवस्था एवं समाज संरचना की रीढ़ की हड्डी है और जो कोई बिहार, झारखंड या पूर्वी उत्तर प्रदेश से आ कर दिल्ली में कार्यरत मेहनतकश परिवारों के प्रति भेदभाव करेगा भाजपा सरकार उसके प्रति सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं, सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा है कि हम दिल्ली पुलिस आयुक्त से मांग करते हैं कि पांडव कुमार के हत्यारे पुलिस कर्मी को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करें।

# जीएसटी विभाग में 'लॉटरी सिस्टम' से हुई अधिकारियों की पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के व्यापार और कर (जीएसटी) विभाग ने पहली बार नए आए जीएसटी अधिकारियों और निरीक्षकों को उनकी पोस्टिंग लॉटरी सिस्टम (ड्रॉ ऑफ लॉट्स) से दी है। इस पहल पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह एक नया और अहम कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी अधिकारी 23 अप्रैल के सर्विस ऑर्डर के तहत विभाग में ट्रांसफर होकर आए थे और कुल 87 जीएसटी अधिकारी एवं निरीक्षकों को इस प्रक्रिया के तहत विभिन्न वार्डों में पोस्टिंग दी गई है। यह पूरी प्रक्रिया विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई, जिसमें सभी नए अधिकारी/कर्मचारी और विभाग

■ खुद अफसरों ने निकाली अपनी पर्चियां, 87 जीएसटी अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से मिले वार्ड : रेखा गुप्ता

के वरिष्ठ अधिकारी जैसे कमिश्नर, स्पेशल कमिश्नर, जॉइंट कमिश्नर और एसिस्टेंट कमिश्नर उपस्थित थे। यह सुनिश्चित किया गया कि पूरी प्रक्रिया सभी के सामने खुले और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो, जिससे किसी भी प्रकार की शंका या पक्षपात की संभावना समाप्त हो सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि पोस्टिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रूप से लॉटरी प्रणाली अपनाई गई, जिसमें प्रत्येक अधिकारी ने स्वयं पर्ची निकाली। इसके लिए दो अलग-अलग बॉक्स रखे गए थे, एक बॉक्स में अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम और दूसरे बॉक्स में खाली वार्ड नंबर, जहां रिक्त पद उपलब्ध थे। दोनों बॉक्स से पर्ची निकालने के बाद ही संबंधित अधिकारी का वार्ड तय हुआ।

इस प्रक्रिया ने पूरी तरह से निष्पक्षता, पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि पूरी कार्यवाही की शुरुआत से अंत तक वीडियोग्राफी कराई गई ताकि हर चरण का आधिकारिक रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके और भविष्य में किसी भी स्तर पर सत्यापन संभव हो। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में इस प्रक्रिया को संपन्न कराया गया, जिससे संस्थागत विश्वसनीयता और प्रशासनिक ईमानदारी को और मजबूती मिली।

## कई दिनों बाद मिली राहत, सामान्य से नीचे लुढ़का पारा

नई दिल्ली। कई दिनों लगातार भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू से दिल्ली वालों को आखिरकार बुधवार को राहत मिली। मौसम के करवट बदलने से कई जगह हुई हल्की बारिश के बाद अधिकतम पारा लुढ़ककर सामान्य से भी नीचे चला गया है। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान रहा 20.4 डिग्री सेल्सियस जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। आंकड़े बताते है कि मौसम के बदले मिजाज से दिन व रात, दोनों के तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले सफदरजंग वेधशाला में औसतन 1.8 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं सबसे ज्यादा बारिश मुंगेशपुर में 5.0 मिमी दर्ज की गई। जबकि आया नगर एरिया में 3.8 मिमी, लोधी रोड 2.2 मिमी, पालम में 1.8 मिमी, रिज एरिया में 0.5 मिमी, राजघाट में 1.5 मिमी और मयूर विहार में 1.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में बारिश दर्ज नहीं हुई। सुबह का स्वागत हल्की बारिश से हुआ और उसके बाद तेज व ठंडी हवाओं ने दिल्ली का भीषण गर्मी व झुलसाने वाली लू की मार से काफी हद तक राहत प्रदान की। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में कहीं भी अधिकतम पारा 40 डिग्री तक नहीं पहुंचा।

लाखों यात्रियों को उठानी पड़ी परेशान

# येलो और मजेंटा मेट्रो लाइन पर सिग्नलिंग फेल होने से सेवाएं रही घंटों बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की येलो और मजेंटा मेट्रो लाइन पर सिग्नलिंग फेल होने से बुधवार को घंटो सेवाएं बाधित रही। द्रोणाचार्य-कालकाजी मंदिर-बॉटनिकल गार्डन के बीच सिग्नलिंग सिस्टम फेल होने से लाखों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

जिसके चलते येलो लाइन अंतर्गत अर्जुनगढ़ और गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आ गई। जबकि मजेंटा लाइन पर कालकाजी मंदिर और बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशनों



के बीच ट्रेन सेवाओं में भी देरी हुई है। जानकारी अनुसार सुबह करीब 10.30 बजे तकनीकी खराबी की वजह से मेट्रो सेवाएं बाधित होनी शुरू हुई। ड्यूटी डे व सुबह का समय होने के चलते दोनों लाइनों के अधिकांश स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ लग गई। जबकि डीएमआरसी ने खराबी की जानकारी पौने ग्यारह बजे एक्स पर पोस्ट की। इस पोस्ट पर यात्रियों ने डीएमआरसी की जमकर खिंचाई की और खूब खरी खोटी सुनाई। यात्रियों ने जमकर अपनी भड़ास निकाली। डीएमआरसी के आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पर की गई पोस्ट के अनुसार, येलो लाइन पर स्थित अर्जुनगढ़ और गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के चलते इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। वहीं दूसरी लाइन पर भी सिग्नलिंग में खराबी के कारण ही दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन अंतर्गत कालकाजी मंदिर और बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाएं बुरी तरह बाधित रही। करीब आठ घंटे बाद डीएमआरसी ने एक और पोस्ट करते हुए जानकारी दी कि मजेंटा लाइन पर सेवाएं पुनः बहाल कर दी गई है। लेकिन येलो लाइन पर देर रात तक सेवाएं सामान्य नहीं हो सकी जिससे लाखों यात्रियों को बहुत अधिक परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में रोजाना 70 लाख व कई बार इससे भी अधिक लोग सफर करते है। ऐसे में अगर मेट्रो सेवाएं बाधित हो जाए तो लाखों लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

राजधानी में प्रदूषण के खिलाफ युद्ध

# 'कमर्शियल वाहनों पर ईसीसी बढ़ाने की अधिसूचना जारी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार दिल्ली सरकार ने दिल्ली में प्रवेश करने वाले कमर्शियल वाहनों पर एनवायरनमेंटल कम्पेन्सेशन चार्ज (ईसीसी) बढ़ाने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह अधिसूचना कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के प्रस्ताव के आधार पर जारी की गई है, जिसमें ईसीसी की दरों को संशोधित करने की सिफारिश की गई थी, ताकि इसकी रोकथाम क्षमता फिर से मजबूत हो सके और प्रदूषण फैलाने वाले कमर्शियल वाहनों की दिल्ली में एंट्री को कम किया जा सके। सिरसा ने कहा कि यह दिल्ली की प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम है। संशोधित ईसीसी केवल राजस्व बढ़ाने का उपाय नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत पर्यावरणीय रोक है, जिसका उद्देश्य खासकर डीज़ल से चलने वाले प्रदूषण फैलाने वाले कमर्शियल वाहनों की अनावश्यक एंट्री को कम करना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब अनावश्यक वाहन प्रदूषण का बोझ और नहीं उठा सकती। ईसीसी बढ़ाकर सरकार ने साफ संदेश दिया है कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के दिल्ली में प्रवेश की पर्यावरणीय कीमत अब काफी अधिक होगी।

**खबर संक्षेप**

### 92 करोड़ की लागत से बनेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में 92 करोड़ की लागत से स्पोर्टस काम्प्लेक्स बनाने को लेकर नगर निगम सक्रिय हो गया है। साइट पर इसका काम शुरू हो गया है।



बुधवार को नगरायुक्त के समक्ष टीम ने इस प्रोजेक्ट का प्रजंटेशन दिया। इसका निर्माण कार्यदाई संस्था सीएंडडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है। इसके बनने से गाजियाबाद में खिलाड़ियों को भी विशेष लाभ मिलेगा।

### धोखाधड़ी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड बिल से इंश्योरेंस अमाउंट हटाने के नाम पर धोखाधड़ी में खाता उपलब्ध करवाने के खाताधारक को अपराध शाखा एनआईटी ने काबू किया है।



एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 6 अक्टूबर 2025 को उसके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने आईडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड बिल पर 2999 रुपए का इंश्योरेंस चार्ज लगा दिया।

### फायर कर किया था हत्या का प्रयास, काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने चलती गाड़ी पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास के मामले में 2 को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान ह्रदय व मोहित चौधरी के रूप में हुई है।



हिमांशु ने शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब 1 बजे वह सागर, राहुल और साहिल के साथ कार में बीके चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की दो बलेनो कार और एक स्कॉर्पियो उनकी गाड़ी के पीछे लग गई।

# बल्लभगढ़ को जाम मुक्त बनाने विधायक मूलचंद शर्मा ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ से विधायक मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ बल्लभगढ़ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर को जाम मुक्त बनाने तथा भविष्य में नेशनल हाईवे पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों के साथ नेशनल हाईवे-19 और मोहना रोड पर बनाए जा रहे एलिवेटेड पुल के कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए कई महत्वपूर्ण सुधार कार्य किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि बल्लभगढ़ अनाज मंडी के सामने अंडरपास निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी और स्थानीय लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### बस अड्डा के सामने बने यू-टर्न को बड़ा करने के निर्देश



इसके अलावा उन्होंने बस अड्डा के सामने बने यू-टर्न को बड़ा करने के भी निर्देश दिए। इससे पलवल की तरफ से आने वाले वाहनों को मोहना रोड की ओर जाने में आसानी होगी और दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहनों को बस अड्डा की ओर मुड़ते समय जाम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। विधायक मूलचंद शर्मा ने मोहना रोड पर बनाए जा रहे एलिवेटेड पुल के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सामने जहां से एलिवेटेड पुल की शुरुआत होगी, वहां नेशनल हाईवे से एंट्री पॉइंट को सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि यह स्थान शहर के लिए एक आकर्षक प्रवेश द्वार के रूप में विकसित हो सके।

### ... ताकि बरसात में यहां लोगों को निकालने में परेशानी न हो

निरीक्षण से पहले अधिकारियों के साथ बैठक की। नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने जानकारी दी की बल्लभगढ़ में एंट्री पॉइंट सेक्टर-4 के में हाईवे पर भरने वाले बरसाती पानी को निकालने के लिए जल्द ही कार्य शुरू होगा ताकि बरसात में यहां पर जलभराव न हो। अधिकारों ने यह भी जानकारी दी है कि सीकरी गांव की सर्विस रोड को भी सीमेंटेड बनाया जा रहा है ताकि बरसात में लोगों को निकालने में परेशानी ना हो और बरसाती पानी को निकालने के लिए भी नेशनल हाईवे योजना बना चुका है। इस मौके पर नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता प्रकाश लाल सहित विभिन्न विभागों के एसडीओ, जेई और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्व जनगणना का आज अंतिम दिन

# एक मई से प्रारंभ होंगे वास्तविक हाउस लिस्टिंग व जनगणना संचालन का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि 1 मई से राज्यभर में वास्तविक हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना संचालन प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ पूर्ण सहयोग करें...**

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने समस्त फरीदाबादवासियों से आह्वान किया है कि आज स्व जनगणना का अंतिम दिन है और सभी नागरिक बढ़-चढ़कर इसमें भाग लेकर अपनी जनगणना सुनिश्चित करें।


उन्होंने बताया कि अब तक हरियाणा में 2 लाख 45 हजार से अधिक परिवारों ने स्व जनगणना कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो राज्य में जनभागीदारी और जागरूकता का प्रतीक है। विशेष रूप से युवाओं में स्व जनगणना के प्रति अत्यंत उत्साह देखने को मिला है। स्व जनगणना एक बहुत ही सरल प्रक्रिया है और इसको 5-7 मिनट में पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है।

### समस्त जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी

*स्व जनगणना एक बहुत ही सरल प्रक्रिया*

*सही, सटीक एवं अद्यतन जानकारी दें*

*जानकारी न देना दंडनीय अपराध*




डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि 1 मई से राज्यभर में वास्तविक हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना संचालन प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें सही, सटीक एवं अद्यतन जानकारी प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसे किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा।

### जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक देश के विकास, नीतिनिर्धारण एवं संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि जनगणना कर्मियों को आवश्यक जानकारी देने से इनकार करना अथवा सहयोग न करना जनगणना अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय महोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपनी जनगणना अवश्य करवाएं।

### पर्यवेक्षक जनगणना प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि जिला फरीदाबाद ने जनगणना संचालन हेतु व्यापक एवं उत्कृष्ट तैयारियां की हैं तथा व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक जनगणना प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। विभाग उनके साथ पूर्ण रूप से खड़ा है। यदि किसी प्रगणक, पर्यवेक्षक अथवा नागरिक को किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे अपने संबंधित पर्यवेक्षक, तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जनगणना विभाग का हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी नागरिक, प्रगणक या पर्यवेक्षक अपनी समस्या दर्ज करा सकता है। प्रत्येक शिकायत, समस्या पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सर छोटू राम एजुकेशनल कल्चरल सोसायटी ने दी स्वर्गीय चौ. गोपीचंद गहलोत को भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-32 झाड़सा में स्थित सर छोटू राम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी और सी.आर.मॉडल पब्लिक स्कूल के प्रशासक एवं अध्यापकगणों के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय चौ. गोपीचंद गहलोत जी पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा सरकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता के पुत्र सुरेन्द्र गहलोत झाड़सा विशेष रूप से इस शौक सभा में उपस्थित रहे। शोक सभा की शुरुआत में सोसाइटी के प्रशासक ईश्वर सिंह यादव ने स्वर्गीय गहलोत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए याद किया। सुरेन्द्र गहलोत झाड़सा ने अपने पिताजी के बारे में विद्यार्थियों और अध्यापकगणों से अपने पिताजी के बारे में कुछ बातें सांझा की उन्होंने बताया कि उनके पिताजी का स्वर्गवास जब हुआ तब मेरे पिताजी की आयु 11 वर्ष थी, उन्होंने अपने बचपन काल में किस तरह स्वयं को संभाल और परिवार के सभी सदस्यों को साथ लेकर उसे कठिन दौर से आगे बढ़े।

उन्होंने सर छोटू राम संस्था के लिए अपने कार्यकाल में बहुत विभिन्न-विभिन्न कार्य किए। उनकी सोच थी कि यह संस्था यूं ही आगे



बढ़ती रहे उनके पास जब कभी भी समय होता था तो वह संस्था के पदअधिकारियों के साथ बैठकर संस्था के बारे में कि संस्था को आगे कैसे बढ़ाया जाए उस विषय पर विस्तार से चर्चा करते थे। उन्होंने अत्यधिक प्रयास करके सी. आर.मॉडल पब्लिक स्कूल को 12वीं कक्षा तक सी.बी.एस.सी. तक करवाया उनकी एक सोच थी कि इस स्कूल में हर समाज के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं खेलकूद का ज्ञान मिले।

इस सभा में सभी विद्यार्थियों और अध्यापक गणों ने स्वर्गीय गहलोत के चित्र को पुष्प अर्पित कर नमन किया। अंत में उपस्थित सभी जनो ने 2 मिनट का मोन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर स्वर्गीय गहलोत जी के पुत्र सुरेन्द्र गहलोत झाड़सा जी, संस्था के प्रशासक ईश्वर यादव, स्कूल की प्रिंसिपल पुष्पा रानी, वाइस प्रिंसिपल ज्योति गुलिया और समस्त अध्यापकगण एवं सहकर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में युवाओं ने ग्रहण की सदस्यता

# विकसित भारत के संकल्प से जुड़े सैंकड़ों युवा, भाजपा परिवार और हुआ मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुखराली गांव के रहने वाले प्रमुख समाजसेवी नरेश सहरावत के बेटे भानु सहरावत ने सैकड़ों युवा साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने सभी युवा कार्यकर्ताओं का भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। युवा शक्ति के भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्या एवं पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव का प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक



### जनकल्याणकारी नीतियों के संकल्प से प्रेरित

भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कियह अवसर युवाओं के बढ़ते राजनीतिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी का प्रतीक हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की युवा शक्ति का विशेष जुड़ाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित है। इसके साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व एवं विकासोन्मुखी कार्यों के प्रति युवाओं का बढ़ता विश्वास भी इस सहभागिता में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता हैं। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत भानु सहरावत ने कहा कि भाजपा की विचारधारा से प्रेरित होकर इस परिवार का हिस्सा बना हूं। यह केवल सदस्यता नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प है।

## न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

# भ्रामक सूचना वायरल करने की कोशिश के मामले में एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग के दौरान फरीदाबाद पुलिस की साइबर सेल के सामने 10 अप्रैल को एक वीडियो आया, जिस वीडियो में एक युवक को कुछ लोगों द्वारा पीटा जा रहा था। इंस्टाग्राम अकाउंट से भी इसे इस दावे के साथ शेयर किया गया कि यह तस्वीर फरीदाबाद की है, जहां हिंदुत्ववादी गुंडों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसने इस पोस्ट को कई टैग्स के साथ सोशल मीडिया पर सांझा किया था। जिस संबंध में साइबर सेल की शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद जुनैद निवासी गांव जरारी जिला फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश हाल पालघर महाराष्ट्र को 27 अप्रैल को



महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया।

जिसने पूछताछ में बताया कि उसने धार्मिक भावनाओं को भड़काने के उद्देश्य से किसी अन्य स्थान की घटना को, फरीदाबाद की घटना लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसको बड़ी संख्या में लोगों को टैग किया था। पुलिस टीम ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं को प्रचारित करने से बचे अन्यथा पुलिस की सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

### शादी समारोह के दौरान मारा था चाकू दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-46 स्थित कम्युनिटी सेंटर के बाहर शादी समारोह के दौरान चाकू मारने और मारपीट करने के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमित और रोहित निवासी गांव अनंगपुर के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार लकड़पुर निवासी बंटी ने शिकायत दी थी कि 25 अप्रैल की रात करीब 10.30 बजे वह सेक्टर-46 के कम्युनिटी सेंटर में एक शादी समारोह में शामिल था। इसी दौरान सुमित भडाना ने उसे फोन कर बाहर बुलाया। जैसे ही बंटी बाहर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद सुमित और रोहित ने उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि सुमित ने चाकू से वार किया, जबकि रोहित ने लोहे की रॉड से हमला किया। इसी दौरान दो अन्य युवक भी वहां पहुंचे और उन्होंने भी मारपीट की। बंटी का दोस्त मनीष जब उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **शहशाद उर्फ भोलू पुत्रः** ननवा **पताः** ई–117/ए–19 झुग्गी सुंदर नगरी नंद नगरी दिल्ली, ने **FIR No. 339/2024 U/S 25 A Act थानाः नंद नगरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहशाद उर्फ भोलू** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहशाद उर्फ भोलू** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 339/2024 U/S 25 A Act थानाः नंद नगरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शहशाद उर्फ भोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5589/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान, पुत्र मोहम्मद शमीम, निवासी एफ-312, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली, केशव पुरम, उत्तर पश्चिम दिल्ली, भारत** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 548/17 भा.द.सं. की धारा 392/397/411/34 के तहत एण्ड 25/27/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 548/17 भा.द.सं. की धारा 392/397/411/34 के तहत एण्ड 25/27/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 03.06.2026 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मुनीश गर्ग
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-03, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं.304, तीसरी मंजिल, रोहिणी कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/5530/NW/2026

## श्रवण सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी

### जवानों के लिए श्रवण परीक्षण शिविर का आयोजन

# तीव्र ध्वनि से बचाव को लेकर संस्था ने यातायात पुलिस व आम नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व डीसीपी ट्रैफिक जयवीर सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस के जवानों के लिए बुधवार को विजन इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड स्टडीज, फरीदाबाद में ध्वनि प्रदूषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लगातार शोर के कारण होने वाले मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा यातायात ड्यूटी के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी देना रहा।



### तेज ध्वनि से तनाव, सिरदर्द की समस्याएं

विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि लंबे समय तक तेज ध्वनि में कार्य करने से सुनने की क्षमता प्रभावित होती है, साथ ही तनाव, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इस अवसर पर यातायात पुलिस कर्मियों के लिये श्रवण परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया तथा ड्यूटी के दौरान उपयोग किए जाने वाले श्रवण सुरक्षा उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### शांत वातावरण, सुरक्षित यातायात और स्वस्थ

यातायात पुलिस की ओर से थाना प्रभारी निरीक्षक अनोज कुमार, यातायात निरीक्षक कृष्ण कुमार बल्लभगढ़, यातायात निरीक्षक सोमबीर ग्रेटर फरीदाबाद, यातायात निरीक्षक हरिकिशन सेंट्रल फरीदाबाद, सहित जोनल अधिकारी व यातायात पुलिस के अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि अनावश्यक हॉर्न का प्रयोग न करें।

## खालिस्तान नेशनल आर्मी ने भेजा मेल

# गुरुग्राम के नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुड़गांव में बुधवार की सुबह करीब आधा दर्जन स्कूलों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। इस बार भी यह धमकी भरा ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी की तरफ से भेजा गया।

ईमेल भेजने वाले ने 29 अप्रैल को 40वां खालिस्तान डिक्लेयरेशन डे घोषित करने की बात कहते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधे तौर पर चेतावनी दी है। इसके साथ ही धमकी भरे ईमेल में गुड़गांव के करीब आधा दर्जन स्कूलों को बम से उड़ाने के साथ ही दिल्ली के लाल किले पर बम धमाका करने की धमकी दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह करीब आधा दर्शन स्कूलों को ईमेल के जरिए धमकी दी गई। वहीं ईमेल में कहा गया है कि लाल किले के बाहर पार्किंग में खड़ी कार में बम लगाया गया है। इस ईमेल की सूचना मिलते ही गुड़गांव ही नहीं बल्कि दिल्ली पुलिस भी हरकत में आ गई और छानबीन शुरू कर दी। स्कूलों में बम निरोधक दस्ते के साथ-साथ डॉग स्कवायड भेजकर सेनिटाइज कराया गया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में छात्रों की छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया गया है।

**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी सूचना

संख्या– 23AC/393/E Auction/PKG/2026 दिनांक: 28.04.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-15-2026 | 14.05.2026 को 11:00 बजे | दिल्ली सराय रोहिल्ला (साईकिल–स्कूटर), दिल्ली किशनगंज, गढ़ी हरसरू, जाखल (प्रथम प्रवेश)= कुल 04 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आईआरपी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

1427/26

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### विधान मंडल का विशेष सत्र 30 अप्रैल को

**लखनऊ।** विधान मंडल के दूसरे सत्र को लेकर गुरुवार को ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। सुबह आठ बजे से डायवर्जन प्लान लागू होगा। इमरजेंसी की स्थिति में स्कूली वाहन, एंबुलेंस, शव वाहन और फायर ब्रिगेड को पुलिस निकलवाएगी। बंदरियाबाग चौराहा से सामान्य यातायात राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधान भवन की ओर नहीं जा सकेंगे।




### बिहारी युवक की हत्या पर ऐक्शन में बिहार पुलिस

**पटना।** दिल्ली के द्वारका जिला जाफरपुर कलां थाना इलाके में बिहार के डिलेवरी बॉय की हत्या के संबंध में बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा दिल्ली पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी ली गई। द्वारका जिला, दिल्ली के डिप्टी पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मृतक पांडव कुमार (21 साल) प्रजापति कॉलोनी, बिंदापुर जोमैटो डिलीवरी बॉय का काम करते थे। हत्या पर बिहार में सियासत तेज हो गई है।



### झारखंड के जंगल में माओवादियों से मुठभेड़

**पश्चिमी सिंहभूम ।** जिले के कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के टोंटो के रूटागुटू का घना जंगल बुधवार तड़के गोलियों की आवाज से गूंज उठा। कोबरा 209 बटालियन के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे, तभी पहले से घात लगाए माओवादियों से उनका आमना-सामना हो गया। दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गई।सुबह करीब साढ़े चार बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जो कुछ समय तक रुक-रुक कर चलती रही।




## कोईलवर-बक्सर गंगा पथ को मंजूरी

# सम्राट चौधरी की दूसरी कैबिनेट मीटिंग में 64 एजेंडों पर लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सम्राट चौधरी की लीडरशीप में बनी नई एनडीए सरकार की कैबिनेट की दूसरी बैठक बुधवार को संपन्न हुई। सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में कुल मिलाकर 64 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। वित्त विभाग में साइवर ट्रेडजी को स्वीकृति दी गई। कोइलवर से बक्सर तक गंगा पथ के निर्माण को स्वीकृति दी गई। सारण में नए नारायणी पथ को स्वीकृति दी गई । विश्वामित्र के नाम से कोईलवर पथ को जाना जाएगा। बिहार की नई एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को शपथ ली थी। 8 दिनों के बाद 22 अप्रैल को पहली कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी।

*वित्त विभाग में साइवर ट्रेडजी को स्वीकृति दी गई। कोइलवर से बक्सर तक गंगा पथ के निर्माण को स्वीकृति दी गई। सारण में नए नारायणी पथ को स्वीकृति दी गई । विश्वामित्र के नाम से कोईलवर पथ को जाना जाएगा।*



### बिजली उपभोक्ताओं के सब्सिडी के लिए 23,165 करोड़ जारी

*बुधवार को शाम पांच बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई जिसमें कुल मिलाकर 64 एजेंडा पर मुहर लगाई गई। इनमें प्रमुख रूप से बिजली उपभोक्ताओं के सब्सिडी के लिए 23,165 करोड़ जारी किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। बिजली सब्सिडी के लिए सीधे एनटीपीसी को भुगतान किया जाएगा। हर जिले और ब्लॉक में मॉडल स्कूल खुलेंगे। इसके अलावे बिहार पुलिस में 20,937 पदों पर प्रमोशन और भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। 7-निश्चय-3 के तहत 208 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज की सौगात, 9152 नए पदों के सृजन को हरी झंडी दे दी गयी है।*

### गंगा पथ परियोजनाओं को पीपीपी मोड पर विकसित करने के प्रस्ताव पर सहमति

*गंगा पथ और पेयजल योजनाओं का विस्तार दिया जाएगा। इसके तहत पथ निर्माण विभाग के बिदुपुर-दिघवारा (56 किमी), सारण-गोपालगंज (73.51 किमी) और बक्सर-आरा-मनेर (90 किमी) गंगा पथ परियोजनाओं को पीपीपी मोड पर विकसित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति दी गई है। पीएचईडी विभाग द्वारा 29,933 जलापूर्ति योजनाओं के रखरखाव और इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित निगरानी के लिए 3,601 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे ।*

### एससी-एसटी छात्रावास अनुदान अब 2000 प्रति माह

*इसके अलावे एससी-एसटी छात्रावास अनुदान को 1000 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है । गर्दनीबाग में ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनेगा। मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए 93.75 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है। संजय गांधी जैविक उद्यान अब आधिकारिक रूप से 'पटना जू' के नाम से जाना जाएगा। सम्राट कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है।*

## 'आप साथ नहीं देते तो...',

# मुख्यमंत्री योगी ने गंगा एक्सप्रेसवे के लिए जमीन देने पर किसानों को कहा शुक्रिया

*प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे और उन्होंने एक्सप्रेसवे के लिए जमीन देने पर किसानों का आभार जताया। यह एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है और 12 ज़िलों से होकर गुज़रता है।*

**खास बातें**

- गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण पर विपक्ष पर बरसे सीएम योगी
- 2017 से पहले परिवारवाद में जकड़ा था यूपी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में किसानों के अहम योगदान की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि एक लाख से ज़्यादा किसानों ने इस प्रोजेक्ट के लिए ज़मीन दी, जिससे यह समय पर पूरा हो पाया।

### सीएम योगी ने किसानों का जताया आभार



उद्घाटन समारोह से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 12 ज़िलों के एक लाख से ज़्यादा किसानों ने इस एक्सप्रेसवे के लिए ज़मीन दी। मैं उन सभी 'अन्नदाता' किसानों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिनके सहयोग से यह प्रोजेक्ट हकीकत बन पाया। 594 किलोमीटर लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है और 12 ज़िलों से होकर गुज़रता है। आदित्यनाथ ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की नींव प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में रखी थी। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे अब तय समय सीमा के भीतर पूरा हो गया है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ़ यातायात को आसान बनाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और रोज़गार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। आदित्यनाथ ने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के लिए किसानों से लगभग 18,000 एकड़ ज़मीन ली गई थी। कॉरिडोर के किनारे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक्स हब बनाने के लिए लगभग 7,000 एकड़ ज़मीन अलग से रखी गई थी। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश परिवारवाद और जातिवाद के जकड़न में, दंगों में, अराजकता में, कर्फ्यू में, माफिया की समानांतर चलने वाले उस अराजकता भरे माहौल में विकास की, रोजगार की, नए निवेश की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था।

### यूपी की अर्थव्यवस्था का रीढ़ साबित होगा एक्सप्रेसवे

*एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित होगा। साथ ही कनेक्टिविटी, कृषि विपणन और क्षेत्रीय विकास को मज़बूत करके यह ₹विकसित भारत₹ के सपने को भी तेज़ी से आगे बढ़ाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे, जो उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के बीच यात्रा के समय को काफ़ी कम करने की उम्मीद है। साथ ही यह सामान और सेवाओं की तेज़ आवाजाही को भी आसान बनाएगा।*

### यूपी में आस्था और संस्कृति के एक्सप्रेसवे

*उत्तर प्रदेश के अंदर सिर्फ यह एक्सप्रेस-वे हमारी दूरी को ही कम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इन सभी पर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर भी है। यह युवाओं के रोजगार के एक्सप्रेसवे, आस्था और संस्कृति के एक्सप्रेसवे हैं और प्रदेश की समृद्धि के एक्सप्रेसवे बन रहे हैं।*

## अखिलेश यादव बोले-

# प.बंगाल चुनाव को प्रभावित करने केंद्रीय बलों का हुआ दुरुपयोग, लगाए आरोप

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय बलों के माध्यम से एक 'समानांतर प्रशासनिक ढांचा' तैयार किया गया है। उनका दावा है कि राज्य के मौजूदा प्रशासन के साथ-साथ एक पूरी तरह से अलग 'चेन ऑफ कमांड' खड़ी कर दी गई है। अखिलेश यादव ने यहां तक कहा कि पुलिस महानिदेशक के स्तर पर भी हस्तक्षेप किया जा रहा है और जिलों में जिला पुलिस प्रमुखों के ऊपर अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### अधिकारियों पर दबाव और प्रलोभन

*अखिलेश यादव ने अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई अधिकारी दबाव या प्रलोभन में काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ अधिकारियों को भविष्य के लाभ का आश्वासन दिया गया है, जबकि अन्य पर विभिन्न जांचों का डर दिखाकर दबाव बनाया जा रहा है। उनके अनुसार, यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है और उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे तत्वों के खिलाफ वोट करें जो अधिकारियों का दुरुपयोग कर रहे हैं।*

### रामपुर मॉडल और यूपी के लिए चेतावनी

*उत्तर प्रदेश के राजनीतिक उदाहरणों का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वही मॉडल अपनाया जा रहा है जो रामपुर लोकसभा उपचुनाव के दौरान देखने को मिला था। उन्होंने चेतावनी दी कि बंगाल में किया जा रहा यह 'प्रशासनिक प्रयोग' आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जा सकता है। उन्होंने ममता बनर्जी की ऐतिहासिक जीत का भरोसा जताते हुए जनता को सचेत रहने और किसी भी प्रकार के अन्याय का डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया*

## पेज एक का शेष

### बंगाल में खिलेगा ...

178-208 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वहीं, पोल डायरी (142-171), पी-मारक्यू (150-175), चाणक्य स्ट्रैटजीज (150-160), और मैट्रिज (146-161) ने भी भाजपा को बहुमत के आंकड़े के पार रखा है।

**केरलम**
**कुल सीटें: 140, बहुमत: 71**

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-4 |
| एक्सिस | 49-62 | 78-90 | 0-3 |
| मैट्रिज | 60-65 | 75-85 | 3-5 |
| पीपल्स | 75-85 | 55-65 | 0-3 |
| जेवीसी | 52-61 | 72-84 | 3-7 |

--------------

**तमिलनाडु**
**कुल सीटें: 234, बहुमत: 118**

| एजेंसी | डीएमके | एआईएडीएमके | अन्य |
|---|---|---|---|
| पीपल | 125-145 | 65-80 | 20-30 |
| मैट्रिज | 122-132 | 87-110 | 10-18 |
| चाणक्य | 145-160 | 50-65 | 18-26 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | 1-9 |

-------------

**पुडुचेरी**
**कुल सीटें: 30, बहुमत: 16**

| एजेंसी | एनडीए+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| पीपल्स | 16-19 | 10-12 | 1-2 |
| एक्सिस | 16-20 | 6-8 | 3-7 |

### केरलम : राज्य में ...

के सर्वे में यूडीएफ को 75-85 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एलडीएफ 60-65 सीटों पर सिमट सकता है। पीपल्स पल्स के आंकड़े थोड़ी अलग तस्वीर पेश करते हैं, जहां एलडीएफ को 75-85 सीटें और यूडीएफ को 55-65 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। हालांकि, बाकी ज्यादातर एजेंसियां यूडीएफ को बढ़त में दिखा रही हैं।

**तमिलनाडुः डीएमके सत्ता के नजदीकः** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल में पीपुल्स पल्स और मैट्रिज के अनुसार द्रमुक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत का अनुमान है। बाकी के अनुमानों में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके आगे दिश रही है। लेकिन, डीएमके के वापसी के साफ संकेत नजर आ रहे हैं।

**पुडुचेरीः फिर भाजपा ही :** पुडुचेरी में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की एनडीए को बहुमत मिलता दिख रहा है।

### दूसरे चरण में ...

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। इलाके में अभी भी तनाव का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है। सीएम ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों और वोटरों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्जर्वर लोगों को मार रहे हैं। टीएमसी का दावा है कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

### मतदान के बाद ...

ड्यूटी संभालेंगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अगले आदेश तक ये बल बंगाल में तैनात रहेंगे ताकि चुनावी नतीजों से पहले और बाद में किसी भी तरह की हिंसा या गड़बड़ी को रोका जा सके।

### सपा-कांग्रेस विकास...

ये एक्सप्रेस वे यूपी के विकास की नई लाइफलाइन बनेगा। बीते दिनों एक बार फिर देश ने कांग्रेस और सपा का नारी विरोधी चेहरा देखा है। केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी, अगर यहपास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता। लेकिन सपा ने इस संशोधन के खिलाफ वोट किया। सपा कभी भी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर नहीं उठ सकती। ये लोग हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेंगे।

रोड शो में भाजपा में दिखा उत्साह, बजे ढोल-नगाड़े : लहुराबीर चौराह पर प्रधानमंत्री का एनसीसी कैडेट्स व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोगों में काफी उत्साह दिखा। पीएम का स्वागत कर एनसीसी कैडेट्स व महिलाएं काफी खुश नजर आईं। स्वागत के लिए जगह-जगह पॉइंट बनाए गए थे। इन स्थानों पर सुबह से ढोल- नगाड़े बजाए जा रहे थे। पुलिस लाइन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने पीएम का स्वागत किया।

पीएम बोले-अब वो दौर चला गया : पीएम मोदी ने कहा कि अब वो दौर चला गया, जब एक सड़क के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ता था। अब शिलान्यास भी होता है और जल्द उद्घाटन भी। एक बार घोषणा हो गई तो वर्षों तक फाइलें चलती थीं। चुनाव के लिए पत्थर लग जाते थे, उसके बाद सरकारें आती-जाती रहती थीं, लेकिन काम का कुछ अता-पता नहीं लगता था। कभी-कभी पुरानी फाइलें ढूंढ़ने के लिए बड़े-बड़े अफसरों को दो-दो साल तक मेहनत करनी पड़ती थी। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और तय समय में लोकार्पण भी होकर रहता है।

कुछ लोग देश को नीचा दिखा रहेः पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि आज पूरी दुनिया कैसे युद्ध, अशांति और अस्थिरता में फंसी हुई है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों की हालत खराब है। लेकिन भारत विकास के रास्ते पर उसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। भारत के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोग सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हम विकास के नए-नए कीर्तिमान भी गढ़ रहे हैं। हम आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आधुनिक से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

मां गंगा के नाम पर होगी इसकी पहचानः प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। मैं यूपी के करोड़ों लोगों को गंगा एक्सप्रेस-वे की बधाई देता हूं।

### डिजिटल ठगी पर बड़े...

अब केवल फर्जी अकाउंट ही नहीं, बल्कि पूरे मोबाइल डिवाइस को ब्लॉक करने की दिशा में काम हो रहा है। सरकार का मानना है कि साइबर अपराधी बार-बार नए सिमकार्ड और नए अकाउंट बनाकर ठगी को जारी रखते हैं, लेकिन एक ही मोबाइल डिवाइस का इस्तेमाल करते रहते हैं। ऐसे में केवल अकाउंट बंद करना पर्याप्त नहीं है। यदि डिवाइस स्तर पर रोक लगाई जाती है, तो अपराधियों के लिए दोबारा सक्रिय होना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

**क्यों जरूरी है डिवाइस ब्लॉकिंग ? :** सरकार ने कोर्ट को बताया कि साइबर ठग अक्सर एक ही मोबाइल हैंडसेट से कई सिम कार्ड, कई बैंक अकाउंट और अलग-अलग व्हाट्सअप अकाउंट चलाते हैं। वे बार-बार नंबर बदलते हैं, लेकिन डिवाइस वही रहता है। इसी वजह से अब नंबर की बजाय डिवाइस को टारगेट करने की रणनीति बनाई गई है। इससे फर्जी अकाउंट दोबारा बनाना कठिन हो जाएगा और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पर भी नियंत्रण बढ़ेगा। व्हाट्सअप ने यह भी माना है कि वह डिलीट किए गए अकाउंट्स का डेटा कम से कम 180 दिनों तक सुरक्षित रखने पर विचार करेगा, ताकि जांच एजेंसियों को डिजिटल फुटप्रिंट ट्रेस करने में मदद मिल सके।

**12 हफ्तों में 9,400 से ज्यादा अकाउंट बंद :** केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि जनवरी से शुरू हुए 12 हफ्तों के भीतर व्हाट्सअप ने भारत में डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े 9,400 से अधिक अकाउंट्स पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई I4C (इंडिया साईबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के इनपुट के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में फर्जी अकाउंट दक्षिण-पूर्व एशिया, खासकर कंबोडिया के संगठित साइबर फ्रॉड सेंटरों से संचालित हो रहे थे। अपराधी खुद को "दिल्ली पुलिस", सीबीआई" या ₹एटीएस" बताकर लोगों को डराते और उनसे पैसे ठगते थे।

**व्हाट्सअप ने कौन-कौन से कदम उठाए ? :** व्हाट्सअप ने बताया कि उसने फर्जीवाड़े को रोकने के लिए कई तकनीकी उपाय शुरू किए हैं। सरकारी एजेंसियों की नकली पहचान पकड़ने के लिए लोगो-मैचिंग सिस्टम, फर्जी डिस्प्ले नेम की पहचान के साथ संदिग्ध पैटर्न पकड़ने के लिए लार्ज लेंग्वेज मॉडल्स, पहली बार आने वाले संदिग्ध मैसेज पर चेतावनी, अनजान अकाउंट्स की विजिबिलिटी कम करना, हाई-रिस्क इंटरैक्शन में प्रोफाइल फोटो दबाने जैसे कदम शामिल हैं। सरकार का दावा है कि इन उपायों से ऐसे अपराधों में "महत्वपूर्ण और स्पष्ट गिरावट" आने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट में पेश ...

कि यह कदम दिसंबर में गठित इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी की सिफारिशों के आधार पर उठाए जा रहे हैं।

### अंडमान-निकोबार में...

वाले आदिवासी समुदायों के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन अधिकार अधिनियम को यहां प्रभावी रूप से लागू नहीं किया जा रहा, जिससे स्थानीय निवासियों और आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा। साथ ही, विस्थापन के बदले उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल जमीन का मामला नहीं, बल्कि भारत की विरासत और प्राकृतिक संपदा की चोरी है। उन्होंने इसे "इकोलॉजिकल चोरी" बताते हुए कहा कि यहां लाखों-करोड़ों रुपए मूल्य के पेड़ काटे जा रहे हैं और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चोरी-छिपे इस पूरे क्षेत्र की पर्यावरणीय संरचना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अंडमान में पानी की समस्या को भी गंभीर मुद्दा बताया। राहुल गांधी ने कहा कि यहां के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने उपराज्यपाल पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि वे राजा की तरह काम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि उपराज्यपाल ने अपने घर और दफ्तर का नाम भले ही 'लोक भवन' रखा है, लेकिन वे जनता से मिलते तक नहीं हैं। लोकतंत्र में जनता की बात सुनी जानी चाहिए, उनका सम्मान होना चाहिए, लेकिन यहां इसके उलट स्थिति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बताएगी कि अंडमान-निकोबार में क्या हो रहा है और वहां के लोगों के अधिकारों तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस स्थानीय लोगों, आदिवासियों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी।

### यात्रीगण कृपया...

के लिए असंतुलन पैदा कर रही है, जिससे परिचालन 'अव्यवहारिक और अस्थिर' हो गया है। पत्र में कहा गया है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एटीएफ कीमतों में मनमाना अंतर और कीमतों में अनियमित वृद्धि एयरलाइंस के लिए असहनीय नुकसान का कारण बन रही है। इससे उड़ानों की संख्या घट सकती है और कई रूट बंद करने पड़ सकते हैं।

**सरकार से तीन बड़ी मांगें:** एफआईए ने सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं—

पहली, 'क्रैक बैंड मैकेनिज्म' को फिर से लागू किया जाए। यह एक पारदर्शी मूल्य निर्धारण व्यवस्था थी, जिसमें 12-22 डॉलर प्रति बैरल का बैंड तय किया गया था। इसे अक्टूबर 2022 में कोविड-19 के बाद लागू किया गया था।

दूसरी, घरेलू परिचालन पर एटीएफ पर लगने वाले 11 प्रतिशत एक्साइज ड्यूटी को अस्थायी रूप से स्थगित किया जाए। तीसरी, प्रमुख राज्यों में एटीएफ पर वैट कम किया जाए। दिल्ली में जेट फ्यूल पर 25 प्रतिशत वैट है, जो देश में दूसरा सबसे अधिक है, जबकि तमिलनाडु में यह 29 प्रतिशत है।

**विशेषज्ञ ने बताया 'दबाव की रणनीति' :** मार्टिन कंसल्टेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क डी. मार्टिन ने एफआईए के इस पत्र को सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस को सरकार पर दबाव डालने के बजाय अपने परिचालन मॉडल को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा, "भारत दुनिया का अकेला देश नहीं है जहां जेट फ्यूल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है। एयरलाइंस को बेहतर रणनीति के साथ ऐसे जोखिमों से निपटना चाहिए।"

### परिचालन लागत में ईंधन ...

बढ़ गई है। इसके अलावा पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों से उड़ानों के रूट लंबे हो गए हैं, जिससे ईंधन की खपत और बढ़ गई है।

### आज नई दिल्ली में होगी...

यात्रा कर स्वदेश लौटे हैं। जिसमें उनकी चीन, रूस सहित समूह के अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं।

**रक्षा, औद्योगिक साझेदारी को मिलेगा बल :** रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इटली के रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा होगी। जिसमें दोनों देशों के मौजूदा सहयोग को और अधिक विस्तार देने खासतौर पर औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने की उनकी इच्छा प्रदर्शित होती है। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2023 में इटली की राजधानी रोम की यात्रा की थी। जो एक ऐसा मौका बना, जिसके बाद दोनों देशों के रक्षा सहयोग को और अधिक गति मिली है।

**बढ़ता रणनीतिक तालमेल :** इस साल जनवरी महीने में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी को लेकर एक समझौता हुआ था। जिसके बाद से यह साफ तौर पर नजर आ रहा है कि दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। यह समझौता रक्षा उद्योग में सहयोग को तेज करने के साथ-साथ साझा हितों वाले क्षेत्रों में नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करेगा।

### डीआरडीओ-नौसेना...

**रक्षा मंत्री ने सराहे डीआरडीओ, नौसना के प्रयास :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण को लेकर डीआरडीओ, नौसेना, वायुसेना और अन्य सभी भागीदारों को बधाई दी है। साथ ही कहा कि इस मिसाइल को देश के अंदर विकसित किए जाने से भविष्य में सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल रही वैज्ञानिकों और सशस्त्र सेनाओं की पूरी टीम को बधाई के साथ अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

**सभी मानकों पर खरा उतरा परीक्षणः** रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण अपने तय किए गए सभी मानकों पर पूरी तरह से खरा उतरा है। जिसकी पुष्टि राज्य की एकीकृत चांदीपुर परीक्षण रेंज में लगाए गए विभिन्न प्रकार के निगरानी सिस्टम की मदद से एकत्रित किए गए डाटा से की गई है। इसमें रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और टेलीमेट्री सिस्टम मुख्य रूप से शामिल हैं। मिसाइल की एक खास बात यह भी है कि यह अपनी कार्रवाई के दौरान दुश्मन के रडार से बचने के लिए सी-स्किमिंग तकनीक का उपयोग करती है। जिससे यह समुद्र की सतह के बेहद करीब उड़ान भरते हुए अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगा सकती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ, नौसेना, वायुसेना और अन्य सभी विकास-उत्पादन साझेदार मौजूद रहे।

डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## तब तेज धूप में नहीं होगा डिहाइड्रेशन



**मेरी उम्र 27 साल है। मेरी फील्ड जॉब है। इन दिनों तेज धूप में मुझे डिहाइड्रेशन न हो इसके लिए मुझे कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए?**
**-साकेत, रायपुर**

डिहाइड्रेशन से बचने के लिए आपको लगातार पानी पीते रहना चाहिए। मतलब आप घर से जब निकलें तो छाछ या नीबू पानी या लस्सी पीकर निकलें। पानी की बोतल अपने साथ रखें। करीब हर 1 घंटे बाद आपको पानी पीते रहना चाहिए। कोशिश करें कि सर को ढंक कर निकलें। अगर जरूरी ना हो तो दिन में 1 बजे से लेकर 4 बजे के बीच तेज धूप में निकलने से बचें। अगर लगातार धूप में रहना पड़ता है तो बीच में एक बार शिकंजी पी लें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे नींद में दांत किटकिटाने की आदत है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है? इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी बताएं।**
**-आशुतोष, बलौदा बाजार**

हालांकि यह समस्या आमतौर पर बच्चों को होती है और जब उन्हें पेट में वॉर्म होते हैं, तब ऐसा करते हैं और तब उन्हें डी वॉर्मिंग की दवा देनी पड़ती है। इस तरह की समस्या ज्यादातर पेट से जुड़ी होती है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें, वे जांच कराएंगे, तभी इलाज हो पाएगा।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे पेट मे हल्का-हल्का दर्द हमेशा बना रहता है। खाना ठीक से नहीं पचता और वॉमिट जैसा फील होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**
**-जतिन, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है। जिस वजह से हल्का-हल्का दर्द रहता है और भूख भी कम लगती है। सबसे पहले आप अपना खान-पान ठीक करें, बाहर का खाना और जंक फूड बिल्कुल बंद कर दें। दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को दलिया या खिचड़ी जैसा हल्का खाना खाएं। सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से अगर आराम ना मिले तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरा वजन लगातार कम हो रहा है और कमजोरी भी महसूस होती है। जबकि मेरी डाइट पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**
**-नलिन, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी डाइट और रूटीन पहले जैसा है और फिर भी वजन कम हो रहा है तो ऐसे मामले में बगैर फिजिकली देखे और जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह जरूरी जांच करा कर ट्रीटमेंट कर सकेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? इस प्रॉब्लम से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
**-अभिसार, दुर्ग**

पैरों में सूजन की वजह कई बार शुगर का बढ़ना होता है। सबसे पहले आप अपनी शुगर की जांच कराएं। अगर वह नॉर्मल है, तो आपकी मसल्स कमजोर हो सकती हैं, जिस वजह से चलने पर सूजन आ जाती है। इसके लिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल लंबा चलना बंद कर दें।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**
**-कुलदीप, भोपाल**

नींद की गोलियां लेना इस समस्या का समाधान नहीं है। बेहतर होगा कि आप इस बात पर गौर करें कि आपके जीवन में ऐसा क्या घटित हुआ है, जिस वजह से आपको नींद नहीं आ रही है। अगर आप ऐसा खुद नहीं कर सकते तो जरूर आपको एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे इसका इलाज बताएंगे क्योंकि नींद की दवा नियमित लेने से समस्या बढ़ेगी। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

स्पेशल: वर्ल्ड एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस डे, 3 मई

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस यानी रीढ़ की हड्डी में होने वाला अर्थराइटिस, एक पेनफुल सीरियस डिजीज है। यह समस्या किसी को भी हो सकती है। लेकिन यंगस्टर्स को अवेयर रहने की ज्यादा जरूरत होती है। अगर इसके लक्षणों का ध्यान रखा जाए और शुरुआती दौर में ही सही ट्रीटमेंट करवाया जाए तो पेशेंट पूरी तरह ठीक हो सकता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस यंगस्टर्स को भी रहना होगा अवेयर

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली

हालांकि वैसे तो किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति, एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस (संक्षेप में एएस) से ग्रस्त हो सकते हैं लेकिन आमतौर पर यह बीमारी किशोर-किशोरियों (टीनएजर्स) से लेकर 30 वर्ष की आयु वालों को तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा अपनी गिरफ्त में ले सकती है। यानी युवा वर्ग के लिए एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या उनकी सेहत के लिए बड़ी समस्या बन सकती है, लेकिन तसल्ली की बात यह है कि समय रहते इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में एएस की समस्या अधिक आम है।

### क्या होती है यह समस्या

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, रीढ़ की हड्डी का गठिया यानी अर्थराइटिस है। यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर का रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) अपनी रक्षक की भूमिका छोड़कर भक्षक बन जाता है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर के जोड़ों की स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है। इसके अलावा एएस की समस्या में आनुवंशिक कारक (एच एल ए-बी 27 जीन) भी भूमिका निभाते हैं।

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी के जोड़ों को प्रभावित करती है। इस समस्या में रीढ़ की कशेरुकाएं (वर्टिब्रा) आपस में जुड़ सकती हैं, जिससे कमर में गंभीर अकड़न और दर्द होता है। वस्तुतः एएस, रीढ़ के निचले हिस्से सैक्रोइलिएक ज्वाइंट, कूल्हों, कंधों, गर्दन और पसलियों के बीच के जोड़ों को प्रभावित करता है।

### दिख सकते हैं ये लक्षण



- कूल्हों और पीठ के निचले हिस्से में लगातार दर्द और अकड़न, जो नींद से जागने पर सुबह बढ़ सकती है।
- लंबे समय तक बैठने/आराम करने के बाद भी पीठ और कूल्हों में दर्द और अकड़न की समस्या बढ़ सकती है।
- कालांतर में गर्दन और ऊपरी पीठ में भी अकड़न आ सकती है।
- गर्दन में दर्द हो सकता है।
- आराम करने पर दर्द बढ़ना। इसका आशय यह है कि सक्रिय रहने या चलने-फिरने से दर्द में कमी आती है।
- रीढ़ की हड्डी में सूजन भी हो सकती है।
- आंखों में सूजन यानी यूविआइटिस होना।
- पसलियों के जोड़ों के प्रभावित होने से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।
- कालांतर में एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या की गंभीर स्थिति में रीढ़ (स्पाइन) आगे की ओर मुड़ जाती है, जिसे काइफोसिस या 'हंचबैक' कहा जाता है।
- इसकी गंभीर स्थिति में बैंबू स्पाइन की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसमें रीढ़ बांस की तरह सख्त और लचीलापन रहित हो जाती है।



### हो सकती है काइफोसिस की समस्या

एएस और काइफोसिस के बीच गहरा संबंध है। एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, गठिया का एक प्रकार है। वहीं काइफोसिस, एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण कालांतर में उत्पन्न हो सकने वाली एक शारीरिक विकृति (रीढ़ का आगे झुकना) है। जैसे-जैसे एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या आगे बढ़ती है, तब रीढ़ की हड्डी में अकड़न-जकड़न के कारण रीढ़ आगे की ओर मुड़ जाती है, जिसे काइफोसिस कहा जाता है। काइफोसिस की यह स्थिति व्यक्ति को आगे की ओर झुकी मुद्रा में खड़ा होने पर मजबूर कर सकती है। गंभीर स्थिति में इसके कारण सीने का फैलाव कम हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। इस समस्या की गंभीर और जटिल स्थिति में कार्डियो-रेस्पिरेटरी फेल्योर की गंभीर मेडिकल कंडीशन उत्पन्न हो सकती है। इस गंभीर स्थिति में बेहोशी, सांस न आना जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं।

### काइफोसिस का सर्जिकल इलाज



काइफोसिस की शुरुआती स्थिति में मिनिमली इनवेसिव परक्यूटेनियस काइफोसिस करेक्शन सर्जरी की जाती है, जो ओपन सर्जरी के तुलना में मरीज के लिए कहीं ज्यादा सुरक्षित और कम से कम जोखिम वाली है। वहीं काइफोसिस की गंभीर स्थिति का इलाज काइफोसिस करेक्शन सर्जरी के जरिए किया जाता है, जिसमें पूरी स्पाइन की जटिलताओं को ठीक किया जाता है।

### आजमा सकते हैं ये उपाय



**एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस** से राहत पाने में इन सुझावों पर अमल करना लाभप्रद है।

- सुबह की अकड़न कम करने के लिए गर्म पानी से नहाएं या हीट पैक का उपयोग करें।
- रांग पोस्चर्स से बचें। रांग पोस्चर उस स्थिति को कहते हैं, जिसमें बैठने और चलने-फिरने या किसी कार्य को अंजाम देते वक्त पर रीढ़ की हड्डी एक तरफ झुकी हुई हो या फिर तिरछी स्थिति में हो, यानी अपने नेचुरल कर्व में न हो। जो लोग एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित हैं, उन्हें रांग पोस्चर्स से बचना चाहिए और अपनी रीढ़ की हड्डी को जहां तक संभव हो उठते, बैठते और चलते समय सीधा रखने का प्रयास करना चाहिए। जो लोग एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित नहीं हैं, उन्हें भी रांग पोस्चर्स से बचना चाहिए।

### एएस से बैंबू स्पाइन की समस्या

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस की गंभीर स्थिति बैंबू स्पाइन की समस्या उत्पन्न करती है। ऐसी स्थिति में बिना हल्का झटका या जर्क लगने पर किसी चोट या आघात के बगैर रीढ़ की हड्डी क्षतिग्रस्त (फ्रैक्चर्ड) हो जाती है। स्पाइन फ्रैक्चर के कारण मरीज लकवा से ग्रस्त हो सकता है।

### बैंबू स्पाइन का सर्जिकल इलाज

एएस से उत्पन्न बैंबू स्पाइन की समस्या में फ्रैक्चर का इलाज बगैर किसी चीज फाड़ के परक्यूटेनियस कैन्युलेटेड स्क्रू डालकर ऐसे फ्रैक्चर को फिक्स कर दिया जाता है। इस सर्जरी को मिनिमली इनवेसिव परक्यूटेनियस कैन्युलेटेड स्क्रू फिक्सेशन सर्जरी कहा जाता है,जो रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर के इलाज के लिए एक आधुनिक और कम नुकसान वाली सर्जिकल तकनीक है। इसमें पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में बहुत छोटे चीरे लगाए जाते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने के लिए उपचार की दो विधियां हैं- गैर सर्जिकल और सर्जिकल। मरीज की बीमारी की स्थिति, उसकी उम्र और लक्षणों के आधार पर विशेषज्ञ डॉक्टर उपचार की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। नॉन स्टेराइडल एंटी इन्फ्लेमेटरी ड्रग्स दर्द और सूजन कम करने के लिए डॉक्टर के परामर्श से ही दी जाती हैं। जबकि डिजीज-मॉडिफाइंग ड्रग्स, डॉक्टर के परामर्श से ऑटोइम्यून बीमारियों के अंतर्निहित कारणों को ठीक करने या उनके बढ़ते दुष्प्रभाव को धीमा करने के लिए दी जाती हैं।

**एक्सरसाइज और फिजियोथेरेपी:** इनसे रीढ़ की हड्डी के विकार को रोकने या उसे कम करने में मदद मिलती है। तैराकी, योग, और स्ट्रेचिंग बहुत फायदेमंद हैं। लेकिन डॉक्टर से परामर्श लेकर ही व्यायाम और फिजियोथेरेपी करवानी चाहिए।

**सर्जरी ट्रीटमेंट:** एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण काइफोसिस और बैंबू स्पाइन की समस्या में जब मरीज को दवाओं और अन्य उपायों से राहत नहीं मिलती, तब विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी करने का परामर्श दे सकते हैं। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

मेंटल हेल्थ
शिखर चंद जैन

आज के दौर में अपनी हेल्थ और फिटनेस के प्रति कॉन्शस लोग कई हेल्थ एप्स का यूज करते हैं। लेकिन कई बार इन एप्स पर ओवर डिपेंडेंसी मेंटली स्ट्रेस पैदा करने लगती है। यही हेल्थ एप बर्नआउट कहलाता है। इसके कारण और बचने के उपायों के बारे में जानिए।

## कहीं आपको भी हेल्थ एप बर्नआउट की समस्या तो नहीं!

आज के दौर में हाथ में बंधी 'स्मार्टवॉच' सिर्फ डिजिटल समय नहीं बताती, वह उपयोगकर्ता की धड़कन, नींद, कदम और यहां तक कि उसके तनाव के स्तर पर भी नजर रखती है। इसी तरह कई वियरेबल गैजेट्स या मोबाइल एप ऐसे हैं, जो आपकी बीपी, एक्टिविटी आदि की जानकारी देते हैं। पहली नजर में यह सेहत के प्रति एलर्ट रहने का बेहतरीन तरीका लगता है, लेकिन इसका दूसरा पहलू जरा चौंकाने वाला है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध और मनोवैज्ञानिक रिपोर्ट्स बताती हैं कि अब लोग 'एप बर्नआउट' के शिकार होने लगे हैं। दरअसल एक सीमा तक तो इन पर निर्भरता ठीक है मगर जब इनका ओवरयूज होने लगता है तो ये आपकी मदद करने के बजाय आपको मानसिक रूप से थकाने और तनाव देने लगते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जहां आप हेल्थ से ज्यादा डेटा और नंबर्स पर डिपेंड होने लगते हैं।

**क्यों होता है बर्न आउट:** हर कदम, हर कैलोरी और नींद के हर मिनट को ट्रैक करना दिमाग को थका देता है। ऐसा लगता है जैसे आप खुद को नहीं, बल्कि किसी 'प्रोजेक्ट' को मैनेज कर रहे हैं।

**कैसे पहुंचाते हैं नुकसान:** विभिन्न हेल्थ रिपोर्ट्स के अनुसार, कैलोरी काउंट करने और हर निवाले का हिसाब रखने वाले एप्स लोगों में खाने के प्रति एक असामान्य डर पैदा कर देते हैं। इसे ऑर्थोरेक्सिया कहा जाता है, यानी हेल्दी-बैलेंस्ड खाने का ऐसा जुनून, जो मानसिक तनाव का कारण बन जाए।



**स्लीप एंग्जायटी:** जर्नल ऑफ क्लिनिकल स्लीप मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग अपनी नींद को एप पर ट्रैक करते हैं, वे अक्सर 'ऑर्थोसोमनिया' के शिकार हो जाते हैं। यह वह स्थिति है, जहां व्यक्ति अपनी नींद की गुणवत्ता को लेकर इतना चिंतित रहता है कि उसी चिंता के कारण उसे नींद नहीं आती। अगर एप सुबह पुअर स्लिप दिखाता है, तो व्यक्ति पूरा दिन थका हुआ महसूस करता है, भले ही वह असल में फ्रेश महसूस कर रहा हो।



**सामाजिक तुलना का दबाव:** फिटनेस एप्स अक्सर लीडरबोर्ड दिखाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के एक शोध के मुताबिक, जब महिलाएं अपने स्टेप्स या वर्कआउट की तुलना दूसरों से करती हैं, तो उनमें हीन भावना पैदा होती है। यह डिजिटल कॉम्पिटिशन, सेहत सुधारने के बजाय तनाव को जन्म देता है।

**शरीर के संकेतों की अनदेखी:** हमारा शरीर थकने पर आराम मांगता है, लेकिन फिटनेस बैंड कहता है, 'सिर्फ 500 कदम और!' मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि एप्स पर अत्यधिक निर्भरता के कारण हम अपनी आंतरिक समझ खो रहे हैं। हम प्यास लगने पर पानी नहीं पीते, बल्कि एप के नोटिफिकेशन पर पानी पीते हैं।

**नोटिफिकेशन फटीग:** दिन भर में आने वाले दर्जनों अलर्ट- 'पानी पिएं, खड़े हो जाएं, गहरी सांस लें' दिमाग को शांत करने के बजाय उसे अलर्ट मोड पर रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि बार-बार आने वाले ये डिजिटल एलर्ट एकाग्रता को भंग करते हैं और कॉर्टिसॉल के स्तर को बढ़ाते हैं।



**प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा की चिंता:** ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई हेल्थ एप्स यूजर का डेटा तीसरे पक्ष को बेचते हैं। अपनी पीरियड साइकिल, मूड और लोकेशन जैसी निजी जानकारियां साझा करने का डर भी अनजाने में एक मानसिक तनाव पैदा करता है।

**फिटनेस और वेलनेस के बीच का अंतर मिटना:** फिटनेस का मतलब है शारीरिक क्षमता, जबकि वेलनेस का मतलब है समग्र कल्याण। हेल्थ एप्स अक्सर केवल शारीरिक आंकड़ों पर ध्यान देते हैं। एप्स इमोशनल हेल्थ मॉनिटर नहीं कर सकते।

**हेल्थ एप बर्नआउट के लक्षण:** दिन भर में दर्जनों बार स्टेप्स या कैलोरी चेक करना। यदि किसी दिन लक्ष्य पूरा न हो (जैसे 10,000 कदम न चल पाना), तो खुद को असफल महसूस करना। नींद के डेटा को देखकर यह सोचना कि मेरी नींद अच्छी नहीं थी। भले ही आप उठने पर फ्रेश महसूस कर रहे हों। वर्कआउट या वॉक इसलिए करना क्योंकि एप कह रहा है, न कि इसलिए कि आपको खुशी मिल रही है।

**इससे बचने के उपाय:** अनावश्यक चिंता और दवाब से बचने के लिए 'इंट्यूइटिव लिविंग' अपनाएं। एप्स पर निर्भर रहने के बजाय अपने शरीर के संकेतों को सुनना शुरू करें। अगर आप थके हुए हैं, तो एप के कीप गोइंग नोटिफिकेशन के बावजूद आराम करें। शरीर की सुनें, सॉफ्टवेयर की नहीं। हर 1 घंटे में उठने या पानी पीने के रिमाइंडर दिमाग में एक चेकलिस्ट की तरह तनाव पैदा करते हैं। केवल सबसे जरूरी नोटिफिकेशन ऑन रखें, बाकी सब बंद कर दें। पानी पीने या टहलने को आदत में शामिल करें। वीक में कम से कम एक या दो दिन (जैसे शनिवार या रविवार) अपनी स्मार्टवॉच उतार दें और किसी भी एप में डेटा फीड न करें। बिना किसी डिजिटल हस्तक्षेप के अपनी वॉक या खाने का आनंद लें। हर चीज के लिए अलग एप (पानी, नींद, खाना, कदम, मेडिटेशन) रखने के बजाय केवल 1 या 2 सबसे महत्वपूर्ण हेल्थ एप चुनें। तभी आप स्वस्थ रहेंगे। *



# 38,901 आंगनबाड़ी भवनों में विद्युतीकरण के लिए 80 करोड़ 41 लाख रुपए मंजूर

## कैबिनेट की बैठक में विकास योजनाओं के लिए 26 हजार 800 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत मार्गों के नवीनीकरण, कार्यालयों की स्थापना और मरम्मत, आवासों के अनुरक्षण सहित भू-अर्जन के लिए मुआवजा संबंधी विभिन्न योजनाओं की सोलहवें वित्त आयोग की अवधि एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरन्तरता के लिए लगभग 26 हजार 311 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही एक दर्जन से अधिक मुद्दों को भी मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण के लिए 26 हजार 800 करोड़ रुपए से अधिक की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। ग्रामीण सिंचाई व्यवस्था के लिए लखुंदर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और प्रदेश की 38,901 आंगनवाड़ियों के विद्युतीकरण के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। चिकित्सा क्षेत्र में विस्तार के लिए भोपाल और रीवा के चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृतियां भी दी गईं, जो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचना को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नई ऊंचाई प्रदान करेंगी।

### खास बातें

- लोक निर्माण के कार्यों के लिए 26,311 करोड़, आंगनबाड़ी के लिए 490 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में पीजी सीट वृद्धि योजना के तहत 79 करोड़ 16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति



कैबिनेट बैठक।

### सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार के लिए राशि दी

प्रदेश में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा के विस्तार तथा दूरस्थ अंचलों में तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीजी सीट वृद्धि योजना के तहत गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के लिए रेडियोथैरिपी विभाग की ओपीडी, लीनियक मशीन बंकर, बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट और कैथलैब का निर्माण कार्य के लिए 14 करोड़ 8 लाख की कार्योत्तर स्वीकृति के साथ 79 करोड़ 16 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के तहत सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार के तहत निर्माण कार्य के लिए 164 करोड़ 49 लाख के स्थान पर 174 करोड़ 80 लाख रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### केंद्रीय सड़क अधोसंरचना के लिए भी राशि

*इसके साथ ही केन्द्रीय सड़क अधोसंरचना निधि संबंधी योजनाओं के लिए 6 हजार 925 करोड़ रुपए, एफ-टाईप से उच्च श्रेणी के शासकीय आवास एवं गैर आवासीय भवनों का अनुरक्षण का कार्य संबंधी योजना के लिए 1 हजार 680 करोड़ रुपए और भू-अर्जन के लिए मुआवजा संबंधी योजना के लिए 6 हजार 500 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह मुख्यालय कार्यालय स्थापना, मण्डल कार्यालय स्थापना, अनुरक्षण, मरम्मत-संधारण और संभागीय कार्यालय स्थापना संबंधी योजनाओं के लिए 6,180 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। भारतीय सड़क कांग्रेस को अनुदान और डिक्रीधन के भुगतान के लिए 25 करोड़ 50 लाख रुपए और मुख्य जिला मार्गों, जिला मार्ग तथा अन्य जिला मार्गों के नवीनीकरण संबंधी योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।*

### प्रदेश की समस्त विभागीय योजनाओं का बेहतर तरीके से संचालन होगा

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत विद्युतविहीन आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत व्यवस्था के तहत 38 हजार 901 आंगनबाड़ी भवनों में बाहय विद्युतीकरण संबंधी योजना की 16 वें वित्त आयोग की निर्धारित अवधि (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक) की स्वीकृति एवं निरंतरता के लिए 80 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इस अनुसार प्रदेश में संचालित कुल 97,882 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से विद्युत व्यवस्थाविहीन 38,901 विभागीय आंगनवाड़ी भवनों में विद्युत व्यवस्था करवाई जाएगी। आंगनबाड़ी भवनों में बाहय विद्युतीकरण होने पर ट्यूबलाईट, बल्ब, पंखा, कूलर, स्मार्ट टीवी,वॉटर प्यूरीफायर इत्यादि के समुचित उपयोग होगा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त विभागीय योजनाओं का बेहतर तरीके से संचालन होगा।

## बदरवास में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया अदाणी विकास केंद्र का शुभारंभ



**बदरवास।** मप्र में अब स्थायी आय की तलाश कर रही महिलाओं को कमाई और आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिलेगी। इसी दिशा में, अदाणी समूह की सामाजिक सेवा और विकास इकाई, अदाणी फाउंडेशन ने शिवपुरी जिले के बदरवास में अदाणी विकास केंद्र शुरू किया है, जिससे महिलाओं के लिए घर के पास ही व्यवस्थित रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस केंद्र का उद्घाटन संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) के केंद्रीय मंत्री और गुना लोकसभा क्षेत्र से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों की 5,000 से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके सिंधिया ने कहा, बदरवास में जो हम देख रहे हैं, वह सपनों को साकार होते देखने की ताकत है, फाउंडेशन के चेयरमैन गौतम अदाणी और अदाणी फाउंडेशन को बधाई देता हूं कि उन्होंने ऐसा मंच बनाया है, जहां कौशल वैश्विक बाजारों तक पहुंच सकता है। सीईओ डॉ. अभिषेक लखताकिया ने कहा, चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अदाणी के इस विश्वास से प्रेरित होकर कि महिलाओं का सशक्तिकरण सम्मानजनक आय से शुरू होता है, स्वाभिमान कार्यक्रम कौशल को स्थायी आय में बदलने पर काम करता है।

### जम्बूरी मैदान में भव्य एवं ऐतिहासिक सामाजिक-सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन

# राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य यात्रा में दिखी सामाजिक-सांस्कृतिक 'कुंभ' की झलक

क्रांतिकारियों के सम्मान में जुटे हजारों लोग, अपने पूर्वजों के बलिदान को नमन किया

पूर्व सीएम उमा बोलीं, बराबरी सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव से आएगी

**पूर्व मुख्यमंत्री उमा बोलीं- कोई माई का लाल नहीं छीन सकता आरक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के जम्बूरी मैदान में भव्य एवं ऐतिहासिक सामाजिक-सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह अवसर था अंग्रेजों के विरुद्ध हुए प्रथम सशस्त्र स्वतंत्रता संग्राम 1842 बुंदेला विद्रोह के महानायक वीर राजा हिरदेशाह लोधी एवं अन्य क्रांतिकारियों की स्मृति में आयोजित शौर्य यात्रा का। कार्यक्रम में प्रदेशभर सहित विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और अपने पूर्वजों के बलिदान को नमन किया।



जम्बूरी मैदान में आयोजित सम्मेलन।

वहीं आयोजन के दौरान जम्बूरी मैदान में पूर्व सीएम उमा भारती ने आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने शौर्य यात्रा के दौरान कहा कि देश में सामाजिक बराबरी के लिए आरक्षण जरूरी है। उमा ने कहा- कि जब तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस के परिवार के लोग एक साथ सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ेंगे, तब तक आरक्षण कोई माई का लाल नहीं छीन सकता। उमा ने कहा कि भारतीय समाज लंबे समय तक जातिगत आधार पर बंटा रहा और आर्थिक असमानताएं गहरी रहीं। ऐसे में आरक्षण उस विषमता को कम करने का एक बड़ा प्रयास है। बराबरी सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव से आएगी। तो वहीं आयोजक एवं लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने कहा कि जैसे महाभारत में अभिमन्यु को घेरकर वीरगति दी गई थी, उसी प्रकार राजा हिरदेशाह लोधी को भी घेरकर शहीद किया गया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया।इस मौके पर मंत्री धर्मेंद्र लोधी, मंत्री विजय शाह, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक राजकुमार कराड़े, विधायक नीरज सिंह ठाकुर, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक रामसिया भारती, विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, विधायक प्रहलाद लोधी, विधायक महेंद्र नागेश, विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आयोजन राजनीति से परे समाज के संस्कार और एकता का प्रतीक

इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद जिस प्रकार हजारों लोग अपने पूर्वजों के सम्मान में एकत्रित हुए हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजनीति से परे समाज के संस्कार, साहस और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान बनना भी आवश्यक है, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। मंत्री पटेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आह्वान पर देशभर में गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को पहचान दिलाने का कार्य तेज हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुःखद है कि 1842 के अनेक बलिदानियों के वंशज आजादी के 75 वर्ष बाद भी भूमिहीन हैं। इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

### कम से कम एक लोधी मुख्यमंत्री होना चाहिए

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है। मैं जब जवानी देखने निकलता हूं तो आज की जवानी ताश के पत्तों में मिलती है। शराब की दुकान में मिलती है। हम जब जवान हुआ करते थे, तब हमारे समाज के दो-दो मुख्यमंत्री हुआ करते थे। आज जीरो हैं। भारत में कम से कम एक लोधी तो मुख्यमंत्री होना चाहिए।



### जैव-विविधता को समृद्ध बनाने की जारी है पहल

# मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले के सूपखार में किया जंगली भैंसा पुनर्स्थापन योजना का शुभारंभ



जंगली भैंसा पुनर्स्थापना योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में संचालित जैव विविधता संरक्षण के अगले अध्याय के रूप में आज जंगली भैंसा पुनर्स्थापना योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कान्हा टाइगर रिजर्व में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम से लाए गए जंगली भैंसों के पुनर्स्थापना के लिए उन्हें बालाघाट जिले के सूपखार क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की धरती पर नए मेहमान के शुभ आगमन के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि असम यात्रा के दौरान उनकी असम के मुख्यमंत्री डॉ. हेमंत विस्वा सरमा के साथ जंगली भैंसों और गैंडा के पुनर्वास को लेकर सार्थक चर्चा हुई थी।

### स्थानीय स्तर पर बढ़ेगा टूरिज्म और लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ कर मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। लगभग 100 वर्ष के बाद प्रदेश की धरती पर जंगली भैंसा का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना कार्य हो रहा है। यह मप्र के वन्य-जीव एवं वन पारिस्थितिक संरक्षण के लिए अद्भुत अवसर है। जंगली भैंसा के पुनर्वास से घास के मैदान के संरक्षण और इको सिस्टम को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विलुप्त प्रजातियां के वन्य-जीवों को मप्र में वापस लेकर आ रही है। इससे जंगल, वन्य प्राणियों से समृद्ध होगा और स्थानीय स्तर पर टूरिज्म से लोगों को रोजगार भी मिलेगा।*

### 'वनतारा' में आजीवन घर देने का रखा प्रस्ताव

## अनंत अंबानी की कोलंबिया से 80 दरियाई घोड़ों को बचाने की अपील

- वनतारा के संस्थापक ने कोलंबिया सरकार को औपचारिक संदेश भेजा

**जामनगर।** दक्षिणी अमेरिका के देश कोलंबिया की मैग्डालियाना नदी घाटी में रहने वाले 80 दरियाई घोड़ों को मारने का आदेश दिया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और दुनिया के सबसे बड़े वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्रों में से एक, वनतारा के संस्थापक अनंत मुकेश अंबानी ने औपचारिक रूप से कोलंबिया सरकार से इन हिप्पो या दरियाई घोड़ों की जान बख़्शने का आग्रह किया है। उन्होंने एक मानवीय विकल्प का प्रस्ताव दिया



हैः एक सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से इन जानवरों को जामनगर, गुजरात स्थित 'वनतारा' में लाया जाए, जहाँ उन्हें स्थायी घर मिल सकेगा। कोलंबिया की पर्यावरण मंत्री, आइरीन वेलेज़ टोरेस को लिखे पत्र में अनंत अंबानी ने ये अपील की है। इसमें कोलंबियाई अधिकारियों की देखरेख और मंजूरी के साथ पूरी सहायता देने की बात कही गई है। यह प्रस्ताव पशु कल्याण के प्रति अनंत अंबानी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके लिए उन्हें हाल ही में 'ग्लोबल ह्यूमेन अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

### हरियाणा ग्रामीण बैंक का कार्यक्रम

## एमएसएमई संपर्क अभियान का सफल समापन

**गुरुग्राम।** हरियाणा ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा सप्ताह समाप्ति 28 अप्रैल 2026 तक आयोजित एमएसएमई संपर्क अभियान का सफल समापन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत MSME इकाइयों के लिए 6 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए।इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक श्री ओम प्रकाश जी ने क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम का दौरा कर अभियान की सफलता हेतु कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।अपने दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक गुरुग्राम श्री निशांत जैन के साथ विभिन्न शाखाओं का भ्रमण किया तथा अभियान के दौरान




स्वीकृत MSME ऋणों के ग्राहकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। महाप्रबंधक महोदय ने MSME क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## सांसदों व विधायकों के लिए ग्रामीण बदलाव पर वर्कशॉप

**नई दिल्ली।** नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च एंड चेंज फाउंडेशन (एनएफपीआरसी) ने सांसदों और विधायकों के लिए कन्वर्जेंस-लेड गवर्नेंस, इंस्टीट्यूशनल सुधारों और डेटा-ड्रिवन तरीकों से ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया। "विकसित भारत@2047 के लिए ग्रामीण भारत को बदलनाः कन्वर्जेंस, गवर्नेंस और ग्रामीण समृद्धि" नाम की यह वर्कशॉप इंडिया हैबिटेट सेंटर में हुई थी। इस वर्कशॉप में देश भर के सांसदों, विधायकों और पॉलिसी एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। एनएफपीआरसी के चेयरपर्सन तरुण चुघ ने कहा कि



प्लानिंग का फोकस असली नतीजों पर होना चाहिए। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विधान मंडल के लिए डिजिटल कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजी पर एक सेशन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, एनएफपीआरसी की रिपोर्ट में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) के लिए 49 ब्राउनफील्ड थर्मल साइट्स की पहचान एक तरह की टारगेटेड रिसर्च है।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड ने जारी किए दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के परिणाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड ने 10वीं-12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। 10वीं में 77.15% तो इंटर में 83.04 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। दोनों कक्षाओं में लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई), रायपुर ने आज कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा। वहीं, छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों की तुलना में काफी अच्छा रहा।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत इलेक्ट्रिक कोचिंग में थ्री–पिन सॉकेट और स्विच प्लेट असेंबली की रेट्रो–फिटमेंट की आपूर्ति, इरेक्शन और कमीशनिंग तथा फ्यूज कार्ट्रिज (RCF/RDSO अनुमोदित) के साथ ग्लास फ्यूज की व्यवस्था। | | |
| निविदा संख्या | 30-विद्युत-12टीआर-कोचिंग-2025-26 | कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) | ₹ 1,50,89,169/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | ₹ 0.00 | कार्यालय का पता | वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/ कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | ₹ 3,01,800/- | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | | 21.05.2026 15.00 बजे तक | |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | | 21.05.2026 15.01 बजे | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि. मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1444/2026


### सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जोगीनगर क्षेत्र का मामला

# युवक की हत्या मामले में दो नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग आरोपियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चाकू से हमला कर युवक की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जोगीनगर बस्ती का है, जहां रविवार देर रात क्रिकेट खेल रहे युवकों के बीच पुरानी रंजिश खूनी वारदात में बदल गई। पुलिस के



मुताबिक, कुश बाघ अपने साथियों के साथ मौजूद था, तभी आरोपी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और विवाद के बाद मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान चाकू से हमला कर कुश बाघ की गर्दन पर गंभीर वार किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य युवक को भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया।

### घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल बरामद

पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल चाकू और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में धीरज बाघ उर्फ स्माटी (19) और राहुल गौंधरे (20) शामिल हैं, जबकि दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश मुख्य वजह रही है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है।

### 32 साल, 72% स्ट्राइक रेट, एक राज्य, एक स्पष्ट जनादेश

## गुजरात प्रयोग नहीं कर रहा, बल्कि एक विरासत को और मजबूत कर रहा है

**गांधीनगर।** भाजपा ने एक बार फिर गुजरात में अपनी अभूतपूर्व चुनावी बढ़त को दोहराते हुए 2026 के स्थानीय निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। एक सशक्त विरासत पिछले 32 वर्षों से भाजपा सत्ता में बनी हुई है और हर चुनाव के साथ जनता का विश्वास जीतती आ रही है। यह स्थायी भरोसा 72% से अधिक के स्ट्राइक रेट में झलकता है, जो विपक्ष को पीछे छोड़ देता है। 6,000 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा ने न सिर्फ संख्या में बल्कि पूरे राज्य में हर स्तर पर अपना दबदबा कायम किया है, जो गुजरात की लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक विरासत को और मजबूत करता है। यह केवल अस्तित्व या वापसी नहीं है। यह निरंतरता, स्थिरता और दोहराया गया जनादेश है, जो भाजपा शासन में गुजरात के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

### मोदी ने दी गुजरात भाजपा को बधाई

इस ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात भाजपा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि गुजरात और भाजपा के बीच का संबंध अब और गहरा और अटूट हो गया है! मैं गुजरात की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने राज्यभर में नगर निगम, नगरपालिकाओं, तालुका पंचायतों और जिला पंचायतों के चुनावों में भाजपा को भारी समर्थन और जनादेश दिया। राज्य सरकार के जनकल्याण और विकासोन्मुख कार्यों को पहचानते हुए गुजरात की जनता ने एक बार फिर सुशासन की राजनीति में अपना विश्वास जताया है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) सूचना सं.: Better_OBHS/2026/01 dated 17.04.2026 (published on 18.04.2026).**
**विषयः** रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) सूचना संख्याः Better_OBHS/2026/01 (दिनांक 18.04.2026 को प्रकाशित), **से संबंधित शुद्धिपत्र,** उत्तर रेलवे की कोचिंग ट्रेनों में उन्नत और उच्च गुणवत्ता वाली ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं (ओबीएचएस) के लिए पेशेवर हाउसकीपिंग एजेंसियों की नियुक्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआइ)। संबंधित EOI दस्तावेज के लिए, EOI प्रस्ताव जमा करने की तिथि 04.05.2026 को 15:00 बजे से बढ़ाकर **07.05.2026 को 12:00 बजे** तक कर दी गई है (बोली खोलने का समय **07.05.2026 को 12:30 बजे है**), जिसमें निम्नलिखित शुत्रिपत्र शामिल हैं:

| S.No./Clause of EOI Document | Eligibility Criteria | Amended Eligibility Criteria | Documents to be submitted for evaluation |
|---|---|---|---|
| Clause 7, S.No. 1 (para 5-c., d., e.) | 5. Following Valid Certificates for houekeeping/ facility management services. | | The audit report can be a pre-certification or surveillance audit or recertification audit corresponding to currently valid certification held by the bidder |
| | c. ISO 9001:2015 | c. ISO 9001:2015 (along with audit report) | |
| | d. ISO 14001:2015 | d. ISO 14001:2015 (along with audit report) | |
| | e. ISO 45001:2018 | e. ISO 45001:2018 (along with audit report) | |
| Clause 7, S.No. 5 | Digital monitoring capability The bidder should have an app or portal based Digital Monitoring System and MIS generation system | | Demonstration document/brochure of monitoring app may include screeshots such as: a. Geo-tagged photos b. Dashboard view c. task tracking interface d. Screenshots of MIS reports e. Client references where app is deployed |

नोटः उपर्युक्त ई.ओ.आई. में यह पहला शुद्धिपत्र है। 1439/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान, अब नेताओं पर परफॉर्मेंस का दबाव

पश्चिम बंगाल समेत देश के पांच राज्यों में हुए हालिया चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना है। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा मतदान प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता अब राजनीति को दूर से देखने वाली भीड़ नहीं, बल्कि फैसले लेने वाली ताकत बन चुकी है। बता दें कि बंगाल के दूसरे चरण में 90 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, पहले चरण में 93 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। जब किसी चुनाव में 90 प्रतिशत के आसपास मतदान दर्ज होता है, तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रहता, बल्कि यह जनादेश की गंभीरता और जनता की मंशा का स्पष्ट संदेश बन जाता है। अब इससे नेताओं पर भी परफॉर्मेंस का दबाव बनेगा कि वे किसी एक समुदाय या विशेष क्षेत्र के लिए नहीं, अपितु सभी के लिए योजना और नीतियां तैयार करें। चूंकि प्रदेश की लगभग पूरी आबादी ने मतदान में भाग लिया है। पश्चिम बंगाल में दोनों चरणों में 90 फीसदी से अधिक मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है। यह न केवल राज्य का, बल्कि पूरे देश का एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अब तक त्रिपुरा में 91.82% (2013) में दर्ज हुआ था। यह परिघटना बताती है कि मतदाता अब उदासीन नहीं है। वह अपने अधिकार को लेकर सजग है और सत्ता को यह बताने के लिए तैयार है कि उसकी अपेक्षाएं क्या हैं, लेकिन उच्च मतदान प्रतिशत को केवल लोकतंत्र का उत्सव मान लेना एक अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि हमेशा से संघर्ष, ध्रुवीकरण और आरोप-प्रत्यारोप से भरी रही है। इस बार भी हालात अलग नहीं दिखे। एक ओर ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए। यहां तक कहा कि वे एक विशेष पार्टी के हित में काम कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने ईवीएम में छेड़छाड़ जैसे आरोपों के जरिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। यह स्थिति बताती है कि चुनाव केवल मतदाताओं का उत्सव नहीं, बल्कि राजनीतिक अविश्वास की परीक्षा भी है। ऐसे माहौल में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। आयोग के लिए यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजामों के दावे तभी सार्थक माने जाएंगे, जब मतदान न केवल शांतिपूर्ण, बल्कि पूरी तरह निष्पक्ष भी साबित हो। हालांकि, इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण संदेश जो उभरकर सामने आता है, वह है जनता का बदला हुआ रुख। अब मतदाता केवल जाति, धर्म या क्षेत्रीय समीकरणों के आधार पर वोट देने तक सीमित नहीं रह गया है। रिकॉर्ड मतदान इस बात का संकेत है कि जनता अब अपने प्रतिनिधियों से जवाबदेही चाहती है। अब चार मई को आने वाले नतीजे यह तय करेंगे कि पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में सत्ता किसके हाथ जाएगी। असली फैसला तो जनता पहले ही कर चुकी है। वह यह कि अब उसे सिर्फ वादे नहीं, प्रदर्शन चाहिए। अब सरकारें घोषणाओं से नहीं, काम से आंकी जाएंगी। कुल मिलाकर रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है, लेकिन यह नेताओं के लिए एक चेतावनी भी है। यह स्पष्ट संकेत है कि जनता जाग चुकी है और अब वह हर पांच साल में सिर्फ वोट डालकर नहीं, बल्कि अपने फैसले के परिणाम भी देखना चाहती है। इसलिए आने वाली सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि उस भरोसे को बनाए रखना होगा, जो जनता ने रिकॉर्ड मतदान के जरिए उन पर जताया है।



करवट
कुमार प्रशांत

# जिनके फोटोग्राफ्स बोलते थे

हम बहुत कम समय तक एक-दूसरे को जानते रहे। फिर एकदम अलग हो गए। फिर इधर के दिनों में, जब मैं दिल्ली आया तो फिर कुछ मिलना हुआ। इसलिए निजता का मेरा कोई दावा नहीं है। लेकिन 1974 से जो शुरू हुई, वह सौहार्दपूर्ण पहचान बनी रही। मैंने उनसे भी कहा था और आज भी उसे दोहराता हूं कि रघु राय के कैमरे को 1974-77 के दौर में वह संस्कार मिला जिसने उन्हें फोटोग्राफर से कहीं आगे खड़ा कर दिया। अपना कैमरा ले कर जब रघु राय जयप्रकाश नारायण व उनके आंदोलन के क़रीब पहुंचे तब उन्हें भी अंदाजा नहीं था कि उनका कैमरा यहां से अपना चरित्र बदलने वाला है।

26 अप्रैल 2026 को जब रघु राय ने अपने कैमरे का शटर दबाया होगा, तब उन्हें इल्म हुआ होगा कि उनका कैमरा बंद हो गया है। अब वह न कभी खुलेगा, न कभी बोलेगा ! उनका कैमरा बोलता था। रघु राय के कैमरे में व दूसरों के कैमरे में यही फर्क था। दूसरों का कैमरा बोलता नहीं था, देखता था; रघु राय का कैमरा गूंगा होने को तैयार नहीं था। वह बोलता था। महान कनाडियन कैमराकार यूसुफ कार्श का कैमरा नहीं बोलता था, उनके पोट्रेट बोलते थे। उनके पोट्रेट के पात्रों की आंतरिक विशेषताओं को उनका कैमरा जैसे छू लेता था. वह कहता कुछ नहीं था, हमारे सामने उस व्यक्ति को खड़ा कर देता था। मैंने ऐसा ही कुछ पहली बार पटना की उस मित्र-मंडली में कहा था जिसमें रघु राय भी मौजूद थे। चेहरे पर सदा खिली रहने वाली आत्मीय मुस्कान के साथ वे मुझे सुन रहे थे : रघु राय के फोटोग्राफ्स बोलते हैं इसलिए हमें उनके पास ठहरना पड़ता है ताकि उन्हें सुन सकें; रघु राय के फोटोग्राफ्स दौड़ते हैं इसलिए हमें उनके साथ तेज दौड़ लगानी पड़ती है ताकि कहीं पीछे न छूट जाएं ! मुझे कई बार लगा है कि उनके फोटोग्राफ्स की एक श्रृंखला देखते-देखते सांस फूलने लगती है।

मैं आज कहना चाहता हूं कि रघु राय हमारे दौर के सबसे तेज रफ्तार कैमराकार थे जो गति, शब्द व चित्र, तीनों का अप्रतिम संतुलन साध पाते थे। मैं यह आज इसलिए कहना चाहता हूं, क्योंकि रघु राय अब नहीं हैं। अब वह आंख नहीं है जो कैमरे से जुड़ कर वह संसार उजागर कर जाती थी जिसे देखते हुए भी हम देख नहीं पाते थे। उनकी आंखों में कैमरा लगा था और उस कैमरे में महाभारतवाले संजय की आंख लगी थी। कई लोग कहते रहे, उनकी विदाई-लेखों में भी लिखा जा रहा है कि वे आलादर्जे के न्यूज-फोटोग्राफर थे। रघु राय के परिचय में जब ऐसा कहा जाता है तब मुझे ऐसा प्रतीत होता है जैसे कोई जवाहरलाल नेहरू के परिचय में कहे कि वे भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। यह परिचय सच है लेकिन जवाहरलालजी का इससे बौना परिचय दूसरा हो नहीं सकता है। वे बहुत कुछ और भी थे जिसके साथ भारत के प्रधानमंत्री भी थे। रघु राय बहुत कुछ और भी थे जिसके साथ न्यूज-फोटोग्राफर भी थे।

हम बहुत कम समय तक एक-दूसरे को जानते रहे। फिर एकदम अलग हो गए। फिर इधर के दिनों में, जब मैं दिल्ली आया तो फिर कुछ मिलना हुआ। इसलिए निजता का मेरा कोई दावा नहीं है। लेकिन 1974 से जो शुरू हुई, वह सौहार्दपूर्ण पहचान बनी रही। मैंने उनसे भी कहा था और आज भी उसे दोहराता हूं कि रघु राय के कैमरे को 1974-77 के दौर में वह संस्कार मिला जिसने उन्हें फोटोग्राफर से कहीं आगे खड़ा कर दिया। अपना कैमरा ले कर जब रघु राय जयप्रकाश नारायण व उनके आंदोलन के क़रीब पहुंचे तब उन्हें भी अंदाजा नहीं था कि उनका कैमरा यहां से अपना चरित्र बदलने वाला है। मुझे पता नहीं है कि रघु राय 1974 से पहले जयप्रकाश से परिचित थे य़ा नहीं। कभी पूछा नहीं, कभी 'ऐसी बात निकली नहीं। लेकिन सिताबदियारा की वह रात मुझे खूब याद है जब दिन भर की तूफानी सभाओं व सार्वजनिक जयकारों-हाहाकारों से निकल कर हम देर शाम जयप्रकाश के पैतृक गांव सिताबदियारा पहुंचे थे। अपना वह गांव और



अपना वह खपड़ैल मकान जयप्रकाश को बहुत प्यारा था। उसकी उष्मा में वे विभोर हो कर रहते थे-चाहे जितना रह सकें! उस शाम बेहद थके होने के बाद भी वे वैसे ही मगन-मन थे। वहां जगह भी कम थी, सुविधाएं तो और भी कम; और उसमें औचक आ पहुंचे 10-15 शहरी मेहमान! सबकी व्यवस्था थी। सबको उनकी जगह पहुंचा कर, खाना आदि करवा कर थोड़ी राहत मिली। जयप्रकाश भी थकान आदि से निबट कर थोड़े स्थिर हुए तो सब मेहमानों की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। बिस्तर, मच्छरदानी, पीने का पानी, बाथरूम सब पूछा : 'इनमें से कुछ होंगे जिन्हें सोने से पहले चाय-कॉफी की जरूरत होती होगी। वह सब पूछा न ?' पूछा तो था लेकिन बहुत आग्रह से नहीं, इसलिए जवाब में थोड़ा संशय था...रात भी ज्यादा हो रही है, सोने वाले सो भी गए होंगे व्यवस्थापकों का जवाब पूरा भी नहीं हुआ था कि जयप्रकाश बिस्तर से नीचे उतरे और बोले : ' चलें, जरा देख लूं !'

मेहमानों में संकोच भरी खलबली हुई। इतनी रात गए, थके जयप्रकाश एक-एक के बिस्तरे तक पहुंचे, बड़ी आत्मीयता से जो पूछना-बताना था, वह सब किया- यहां सुविधाएं कम हैं, परेशानी होगी आपको, सुबह कितने बजे उठते हैं, नहाने का गर्म पानी यहां मिल जाएगा, चाय कितने बजे लेंगे, चाय के साथ क्या लेंगे मैं देख रहा था कि रघु राय सिकुड़ते जा रहे थे। जिसके पीछे कैमरा ले कर वे सुबह से भाग रहे थे, वह अब उनके कैमरे की जद से बाहर, उनके सामने खड़ा था, और उन्हें अपने कैमरे में बंद कर रहा था।

'आपने रोका क्यों नहीं दिन भर मैंने इस बूढ़े आदमी को जवानों को मात देने वाली एनर्जी से काम करते देखा है अब हमारी बेहूदा-सी जरूरतों की चिंता में' रघु राय को सूझ नहीं रहा था कि वे कैसे, क्या कहें शब्द बता नहीं पा रहे थे कि वे कैसा महसूस कर रहे थे फिर हम देर रात तक सिताबदियारा के कच्चे रास्तों पर हल्के कदमों व दबी आवाज में बात करते घूमते रहे वे एक इवेंट कवर करने आए थे, और यहां मिला उन्हें एक ऐसा व्यक्ति जो इतिहास समेटता हुआ, इतिहास बदल रहा था आप देखिए न, न यह कैमरा मेरा बनाया है, न मेरे कैमरे के सामने जो घट रहा है वह मेरा रचा है सब मुझे बना-बनाया मिला है। मैं कर तो इतना ही रहा हूं न कि शटर दबा रहा हूं रघु राय कुछ और कहते कि मैंने टोका : शटर तो मैं भी दबा सकता हूं लेकिन उसमें से रघु राय का फोटो बनेगा नहीं, क्योंकि कहां, कब व कैसे शटर दबाना है यह न मशीन को मालूम है, न मशीन के सामने घटती घटनाओं को यह तो रघु राय को ही पता है कला व कलाकार के बीच का यह रिश्ता ही अंतिम सत्य है ऐसी कितनी ही बातें उस रात हुईं जयप्रकाश कर क्या रहे हैं, लोकतंत्र के विकास में इस आंदोलन का रोल क्या है, दमन के सामने बहादुरी से खड़े इन नौजवानों की प्रेरणा क्या है जैसी कितनी ही बातें हम कर गए रघु राय तब अपने फोटो का नया एंगल खोज रहे थे। जिसे हम न्यूज-फोटोग्राफी कह कर निकल जाते हैं और जो न्यूज़ के साथ ही दम तोड़ जाती है, रघु राय उसके पार जाते थे क्योंकि वे क्षण को नहीं, वक्त को दर्ज करने वाले कैमराकार थे।

बिहार आंदोलन में गति व उमंग का विस्फोट हुआ था। रघु राय उसे पकड़ सके थे, क्योंकि वे उसे समझ सके थे। उनका कैमरा साक्षी-भाव नहीं रखता था, वह भागीदार बन सका था। बिहार आंदोलन के उनके फोटो का संकलन 'बिहार शोज़ द वे' आप देखें तो समझ सकेंगे कि वे लिखे शब्दों व विवरणों को व्यर्थ-सा बना देते हैं, क्योंकि वे सारे फोटोग्राफ्स बोलते भी हैं, भागते भी हैं। लेकिन आपको एकदम अलग रघु राय मिलते हैं जब आप मदर टेरेसा के पास उन्हें देखते हैं। उनका कैमरा वहां ध्यान करता मिलता है : निःशब्द प्रार्थना ! रूपाकार नहीं, करुणा ही आकार ले लेती है। संगीतकारों की उनकी श्रृंखला मुझे इसलिए बहुत प्रिय है कि कैमरे को उस तरह गाते कभी सुना नहीं था। इंदिरा गांधी का उनका अलबम एकदम अलग भाषा में बोलता है-सत्ता की धमक-चमक व आतंक का रस वहां हर ओर बिखरा मिलता है। वह सारा कुछ जो काल की हथेली पर उन्होंने बिखरा रखा था, अब सिमट चुका है। उसमें कुछ नया जोड़ने वाली आंख नहीं रही। कैमरा भी है, विषय भी हैं लेकिन रघु राय नहीं हैं। वह वादा भी अब कभी पूरा नहीं होगा जो जयपुर में गांधी-वाटिका बनाते समय उन्होंने मुझसे किया था : कुमार, आपकी गांधी-वाटिका के लिए मैंने कुछ अलग सोच रखा है मैं वह आपको दूंगा वह वाटिका भी अब श्रीहीन हो चुकी है।

बलिदान दिवस
आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# अफ़गानों का काल बने सरदार हरि सिंह नलवा

भारतवर्ष की धरा का इतिहास पराक्रमी वीर योद्धाओं के त्याग, वीरता और बलिदान की गाथाओं से परिपूर्ण है। हमारे यहां ऐसे रणबांकुरे हुए हैं जिनका नाम सुनने मात्र से ही शत्रु कांप जाते थे। सरदार हरि सिंह नलवा भारतीय इतिहास के उन अद्वितीय योद्धाओं में गिने जाते हैं, जिनकी वीरता और पराक्रम के किस्से आज भी हमारे हृदय में प्रेरणा का संचार करते हैं। सन् 1791 को पंजाब के गुजरांवाला में जन्मे हरि सिंह नलवा बाल्यकाल से ही साहसी, निर्भीक और प्रतिभाशाली थे। इनके पिता गुरदयाल सिंह उप्पल का निधन तब हो गया था, जब वह मात्र 7 वर्ष के थे। विकट परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, युद्ध कौशल के बल पर अपनी पहचान अर्जित की। बचपन से ही युद्ध कला में प्रवीण थे। बसंत पंचमी के अवसर पर एक बार 1805 में महाराजा रणजीत सिंह ने एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। हरि सिंह नलवा भी उस प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाने पहुंचे। हरि सिंह ने उस प्रतियोगिता में भाला, तीरंदाजी, घुड़सवारी में अद्भुत प्रदर्शन किया जिससे प्रभावित होकर महाराज रणजीत सिंह ने उन्हें अपनी सेना में शामिल कर लिया। धीरे-धीरे महाराणा रणजीत सिंह के वे विश्वास पात्र बन गए तथा एक कुशल योद्धा और उत्कृष्ट रणनीतिकार के रूप में स्थापित हुए। एक बार महाराजा रणजीत सिंह जंगल में अपने सैनिकों के साथ शिकार करने गए और उनके साथ हरि सिंह नलवा भी थे। तभी अचानक एक बाघ ने महाराजा पर हमला कर दिया। सभी सैनिक डर गए, तभी हरि सिंह आगे निकल कर आए और शेर से भिड़ गए तथा उसके जबड़े को अपने दोनों हाथों से चीर दिया। हरि सिंह से प्रभावित होकर रणजीत सिंह ने कहा कि तुम तो राजा नल जैसे वीर बहादुर हो। इसी घटना के बाद उन्हें 'नलवा' की उपाधि मिली, जिसका अर्थ है बाघ जैसा वीर । वे ऐसे धुरंधर योद्धा थे जिसकी तुलना अंग्रेज नेपोलियन से करते थे।



हरि सिंह केवल नाम के ही सिंह नहीं थे, बल्कि उनके पराक्रम और शौर्य ने पूरे अफगानिस्तान को हिला कर रख दिया था। यह उस कालखंड की बात है जब अफगानिस्तान के लड़ाकों से भारत डरा करता था। सबसे पहले महाराजा रणजीत सिंह ने इनको 800 घुड़सवारों की सेना का सेनानायक बनाया। हरि सिंह ने बीस से अधिक युद्धों में महाराजा रणजीत सिंह की सेना का कुशल नेतृत्व किया। 1807 से 1837 तक हरि सिंह ने अफगानों के खिलाफ कई महत्वपूर्ण युद्ध लड़े और विजय प्राप्त करके सिख साम्राज्य को सुदृढ़ता प्रदान की। नलवा ने अफगानिस्तान पर चढ़ाई करके उनकी राजधानी काबुल तक छीन ली थी। अपनी कूटनीति और पराक्रम के बल पर खैबर दर्रे तक अफ़गानों को पीछे धकेल दिया था। यही खैबर दर्रा सदियों से विदेशी अफगान आक्रमणकारियों का प्रमुख मार्ग रहा था। इस प्रकार हरि सिंह ने भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया। महाराजा रणजीत सिंह ने हरी सिंह नलवा को कश्मीर और पेशावर का गवर्नर नियुक्त किया, जो उनकी प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है। सिख साम्राज्य के विस्तार और उसको सुरक्षित बनाने में हरि सिंह नलवा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे ऐसे अजेय योद्धा थे, जिनके पराक्रम का आतंक शत्रुओं के मानस पटल पर भी छाया हुआ था। हरि सिंह ने ही जमरूद के महत्वपूर्ण किले का निर्माण करवाया था। उनके बारे में यह भी कहा जाता है कि - 'अफगान माताएं अपने बच्चों के रोने पर उन्हें चुप कराने के लिए कहा करती थी कि चुप हो जा, वरना नलवा आ जाएगा'। यह केवल लोककथा नहीं, बल्कि उनके अद्भुत युद्ध कौशल, साहस और निडरता का जीवंत प्रमाण है। उनकी वीरता और युद्ध कौशल की चर्चाएं चारों तरफ फैली हुई थी। युद्ध के मैदान में इस वीर योद्धा नलवा को देखते ही शत्रु मैदान छोड़ जाया करते थे। 1837 में जमरूद के युद्ध के दौरान उनकी वीरता अपने चरम पर थी। तभी अफगान सेना ने जमरूद के किले पर अचानक आक्रमण कर दिया। सीमित संसाधनों और कम सैनिकों के साथ भी हरि सिंह ने अफगान सेना का डटकर सामना किया। शारीरिक रूप से अस्वस्थ होते हुए भी हरि सिंह ने निर्भीकता से इस युद्ध को लड़ा। अंततः यह वीर योद्धा जमरूद के इस युद्ध में 30 अप्रैल 1837 को वीरगति को प्राप्त हुआ। सरदार हरि सिंह नलवा की तुलना भारत के श्रेष्ठ सेना नायकों में की जाती है। भारत के प्रति हरि सिंह नलवा की प्रतिबद्धता, त्याग, बलिदान और कर्तव्य निष्ठा इतिहास में सदैव अमर रहेगी।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी है



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

अंतर्मन




आज की पाती

### तरसना न पड़ जाए जल की एक-एक बूंद के लिए

हाल ही में केंद्रीय जल आयोग ने हमें एक बहुत बड़ी चिंता में डालने वाला आंकड़ा देश के विभिन्न राज्यों के जलाशयों में घटते पानी को लेकर पेश किया है। इस आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के लगभग 166 मुख्य जलाशयों में मात्र 41 प्रतिशत के आसपास पानी बचा है। पश्चिमी भारत, हिमाचल और उत्तराखंड में स्थिति बेहद खराब बताई गई है, यहां तो जलाशयों का जल स्तर 90 प्रतिशत के नीचे बताया गया है। केंद्रीय जल आयोग के इन चिंताजनक आंकड़ों पर आज से नहीं, बल्कि अभी से गंभीरता नहीं दिखाई गई तो देश के बहुत से राज्यों में जल संकट इस कद्र गहरा सकता है कि वहां पानी की एक-एक बूंद को तरसना पड़ सकता है। जल को अगर इसी तरह प्रदूषित व बर्बाद किया जाता रहा, तो संकट पैदा होगा। *- राजेश सोनी, भाटापारा*

ट्रेंड

### सब कुछ महंगा होगा



चुनाव की राहत खत्म, महंगाई की मार अब शुरू होने वाली है! सावधान हो जाइए - पेट्रोल, डीजल, सब कुछ महंगा हो जाएगा। जब तेल सस्ता था, मोदी सरकार ने मुनाफा कमाया। अब जब यह महंगा हो गया है, तो इसका बोझ आप पर पड़ेगा।
**-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### विशेषाधिकार की प्रवृत्ति



जब महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करने का समय आया, तो महिला-विरोधी विपक्ष ने गरिमा और न्याय की बजाय विलंब और व्यवधान को चुना। यह संकोच नहीं है। यह विशेषाधिकार को बनाए रखने की प्रवृत्ति है।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### दोहरी विकास प्रणाली



हमारी दोहरी विकास प्रणाली वाली सरकार महिलाओं की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम न केवल आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि शिक्षा और रोजगार अवसरों में आने वाली बाधाओं को भी दूर कर रहे हैं।
**-मोहन चरण माझी,** सीएम, ओडिशा

### 10 गुना अधिक सीटें




गुजरात में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, उन्हें जेल भेजा गया, लेकिन फिर भी उन्होंने दृढ़ता से चुनाव लड़ा। आम आदमी पार्टी ने पिछली बार की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक सीटें जीती हैं।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर


## श्रीलंका के चेम्मानी में फिर शुरू होगी सामूहिक कब्रों की खुदाई



श्रीलंका की एक अदालत ने जाफना के बाहरी इलाके चेम्मानी में स्थित एक सामूहिक कब्र की खुदाई का काम फिर से शुरू करने का आदेश दिया है, जो पहली बार 1990 के दशक में लिट्टे संघर्ष के दौरान चर्चा में आयी थी और इसकी खुदाई का काम सात महीने पहले रोक दिया गया था। न्याय मंत्रालय द्वारा धनराशि फिर से आवंटित करने में देरी के कारण उत्तरी प्रांत के चेम्मानी में खुदाई का काम पिछले साल सितंबर में रुक गया था। जाफना मजिस्ट्रेट कोर्ट को मंगलवार को बताया गया कि 21 लाख श्रीलंकाई रुपये (एलकेआर) का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है ताकि काम फिर से शुरू किया जा सके। अदालत ने यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली और रोमानिया के राजनयिक प्रतिनिधियों को खुदाई स्थल पर निरीक्षण के लिए उपस्थित रहने की अनुमति दी। खुदाई कार्य के 45 दिनों के बाद जब दूसरे चरण का काम रोक दिया गया तब तक 240 कंकाल अवशेष निकाले जा चुके थे। खुदाई में कंकालों के अलावा, 14 हड्डियों का ढेर और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें, एक गुड़िया, खिलौने और बच्चों के थैले तथा जूते जैसी वस्तुएं भी मिलीं।

ऑफ बीट

## रोबोट मैराथन दौड़ सकते हैं टेबल टेनिस खेल सकते हैं



एक 'ह्यूमनॉइड' रोबोट ने हाल ही में हाफ मैराथन दौड़कर और मानव विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। लगभग उसी समय, एआई-संचालित एक रोबोट ने टेबल टेनिस में एक शीर्ष खिलाड़ी को भी हरा दिया। रोबोट को खेल सिखाने की प्रक्रिया मानव खिलाड़ियों से पूरी तरह अलग होती है। रोबोट को 'सिमुलेशन', 'डेटा' और नियंत्रण 'एल्गोरिदम' के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है। इंजीनियर वर्चुअल वातावरण तैयार करते हैं, जहां रोबोट लाखों बार अभ्यास कर सकते हैं। वे वस्तुओं को ट्रैक करना, गति का अनुमान लगाना और शरीर का समन्वय करना सीखते हैं। तेज गति वाले खेल जैसे टेबल टेनिस में यह चुनौती और कठिन हो जाती है, जहां रोबोट को गेंद की दिशा का अनुमान लगाकर कुछ ही क्षणों में सटीक प्रतिक्रिया देनी होती है। इसके लिए कंप्यूटर विजन, मशीन लर्निंग और रीयल-टाइम कंट्रोल का घनिष्ठ समन्वय जरूरी है। हाल के वर्षों में सिम-टू-रियल तकनीक ने इस क्षेत्र में प्रगति को काफी तेज किया है जिसमें 'सिमुलेशन' में सीखी गई क्षमताओं को वास्तविकता में लागू किया जाता है। रोबोट बास्केटबॉल और फुटबॉल जैसे खेलों में भी अब केवल गेंद को पहचानने तक सीमित नहीं हैं।

# रियान पराग की 'वेपिंग' पर बवाल, बीसीसीआई ने करार दिया गैर-जिम्मेदाराना कृत्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। भारत सरकार ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें इसका उत्पादन, बिक्री और वितरण शामिल था। इस संबंध में कानून के अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को एक साल तक की कैद हो सकती है या/और उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया सकता है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करते हुए देखे गए। कैमरे में कैद हुई इस घटना पर सोशल मीडिया पर तुरंत ही प्रतिक्रिया होने लगी। इस प्रतियोगिता के संचालन से जुड़े आईपीएल और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने इसे सोशल मीडिया और टीवी कैमरों की निगरानी के युग में बेहद लापरवाही वाला कृत्य करार दिया।

### बीसीसीआई कर सकती है कार्रवाई

आईपीएल के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया, ' कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।' राजस्थान रॉयल्स टीम का कोई भी अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था।



**दूसरी बार विवाद में घिरा आरआर** आईपीएल के मौजूदा सत्र में यह पहला अवसर नहीं है जबकि राजस्थान किसी विवाद में पड़ा। इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन का इस्तेमाल करने कारण नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

### कैमरे में वेपिंग करते पकड़े गए ये क्रिकेटर्स

साल 2020 में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच के दौरान एरॉन फिंच का वेप करते हुए का क्लिप वायरल हो गया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को धुंआ छोड़ते और फिर से कश लेते हुए देखा गया था। हाल में इस साल की शुरुआत में एसए20 के एक मैच के दौरान कैमरों ने एबी डिविलियर्स को वीआईपी स्टैंड में वेप करते हुए कैद कर लिया। इस फुटेज ने काफी हलचल मचा दी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैक्कुलम ने बताया कि 2015 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ मैच के दौरान उन्होंने टॉयलेट में सिगरेट पी थी, जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान उन्होंने लॉर्ड्स के वॉशरूम में सिगरेट पी थी।

### उठाया गया था खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा

आईपीएल के एक अन्य सूत्र ने बताया कि मौजूदा टूर्नामेंट से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की निजता का मुद्दा उठाया गया था। कुछ कप्तानों ने सीधा प्रसारण के दौरान ड्रेसिंग रूम की ओर कैमरे घुमाए जाने पर आपत्ति जताई थी। सूत्र ने कहा, 'यह ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल से सीधे तौर पर संबंधित नहीं था। यह मोटे तौर पर खिलाड़ियों की निजता से जुड़ा था। कई बार खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में पूरे कपड़े नहीं पहने होते हैं या वे कैमरों से बचना चाहते हैं।' सूत्र के अनुसार खिलाड़ियों को बताया गया कि ड्रेसिंग रूम से फुटेज दिखाने वाले कैमरों के बारे में फैसला लेना बीसीसीआई का नहीं बल्कि प्रसारक का काम है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



ईशान मलिंगा
15 विकेट
हैदराबाद

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20 रद्द



**चटगांव।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को होने वाला दूसरा टी20 क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। काफी इंतजार करने के बावजूद बारिश के रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी, जिसके बाद मैच रद्द करने का फैसला किया गया। पहले मैच में 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। श्रृंखला का अंतिम मैच मीरपुर में शनिवार से खेला जाएगा।

### श्रीलंका क्रिकेट में उठापटक अध्यक्ष सिल्वा का इस्तीफा

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट में 29 अप्रैल को उस समय भारी उठापटक का माहौल देखने को मिला, जिसका अंदेशा पिछले काफी दिनों से लगाया जा रहा था। श्रीलंका क्रिकेट यानी एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी श्रीलंका क्रिकेट की तरफ से आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पिछले दिनों बोर्ड में बदलाव को लेकर जोर दिया था, जिसके बाद ये कदम उनके इसी बयान को लेकर माना जा रहा है। एसएलसी की तरफ से श्रीलंका क्रिकेट में हुए इस उठापटक को लेकर जो आधिकारिक बयान जारी किया गया है उसमें ये भी साफ कर दिया गया है कि सभी की इस्तीफे तुरंत प्रभाव से मान लिए गए हैं और एक अंतरिम बॉडी बोर्ड का चार्ज संभालेगी।



### नहीं रहे दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते। इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है।




## हेड-क्लासेन ने खेली तूफानी पारी, सनराजर्स ने लगाया जीत का 'पंजा'

# हैदराबाद ने मुंबई को 6 विकेट से हराया

**मुंबई (भाषा)।** ट्रेविड हेड और हेनरिक क्लासेन के तूफानी अर्धशतक से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के शतक पर पानी फेरते हुए मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स की टीम नौ मैच में 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई की टीम आठ मैच में चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है। मुंबई के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने हेड (76 रन, 30 गेंद, आठ छक्के, चार चौके) और अभिषेक शर्मा (45 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) के बीच पहले विकेट की 8.4 ओवर में 129 रन की साझेदारी के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 65 रन, 30 गेंद, चार छक्के, सात चौके) के अर्धशतक से 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्लासेन ने नितीश कुमार रेड्डी (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की। सलील अरोड़ा ने अंत में 10 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 30 रन बनाए। रिकेल्टन ने इससे पहले अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाए जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 243 रन का स्कोर खड़ा किया। रिकेल्टन ने विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सनराइजर्स को अभिषेक और हेड ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह पर छक्के मारे। हेड हालांकि भाग्यशाली रहे जब बोल्ट की गेंद पर नमन उनका कैच लपकने में नाकाम रहे।

**हेनरिक क्लासेन बने मैन ऑफ द मैच**



### मुंबई- 243/5

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विल जैक्स का इशान बो नितीश | 46 |
| रेयान रिकेल्टन नाबाद | 123 |
| सूर्यकुमार अभिषेक बो मलिंगा | 05 |
| नमन धीर का दुबे बो हिंगे | 22 |
| पंड्या का क्लासेन बो साकिब | 31 |
| तिलक वर्मा का क्लासेन बो हिंगे | 07 |
| रोबिन मिंज नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 243 रन
विकेट पतन: 1-93, 2-110, 3-165, 4-221, 5-232
**गेंदबाजी:** कमिंस 4-0-39-0, हिंगे 4-0-54-2, मलिंगा 4-0-29-1, दुबे 3-0-50-0 साकिब 3-0-39-1, नितीश 2-0-31-1

### हैदराबाद- 249/4

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का बोल्ट बो गजनफर | 45 |
| ट्रेविस हेड का जैक्स बो पंड्या | 76 |
| इशान किशन बो गजनफर | 00 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 65 |
| रेड्डी का सूर्यकुमार बो बोल्ट | 21 |
| सलील अरोड़ा नाबाद | 30 |

अतिरिक्त:12
कुल:18.4 ओवर में चार विकेट पर: 249
विकेट पतन: 1-129, 2-129, 3-133, 4-213
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-41-1, बुमराह 4-0-54-0, जैक्स 1-0-19-0, गजनफर 4-0-51-2, अश्वनी 2-0-41-0, पंड्या 3.4-0-39-1

### आरसीबी के सामने टाइटंस की कड़ी परीक्षा

**अहमदाबाद।** निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को होने वाले आईपीएल में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने 8 मैचों में से 6 में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेजलवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है।

**मैड्रिड ओपन**

## 15 जीत के बाद एरीना हारीं हैली ने किया उलटफेर



**मैड्रिड (एजेंसी)।** अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट ने दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। 24 साल की हैली ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और 6 मैच पॉइंट बचाकर 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 2-6, 6-2, 7-6(6) से जीत हासिल की। यह जीत न सिर्फ उनके करियर की सबसे बड़ी जीत थी, बल्कि टूर पर सबालेंका की 15 मैचों की जीत का सिलसिला भी खत्म हो गया। बैप्टिस्ट, जिन्होंने इस हफ्ते से पहले कभी किसी टॉप 5 अपोनेंट को नहीं हराया था, ने अब मैड्रिड में टॉप-टियर प्लेयर्स पर लगातार दो जीत दर्ज की हैं। इससे पहले उन्होंने तीसरे राउंड में जैस्मीन पाओलिनी को बाहर किया था। बैप्टिस्ट का सेमीफाइनल में सामना नौवीं सीड मीरा एंड्रीवा से होगा। हैली बैप्टिस्ट ने मैच के बाद कहा, मैंने कुछ सप्ताह पहले उनके खिलाफ खेला था, और वह एक करीबी मैच था। मैं हर सेट में सिर्फ एक बार टूटी। इसलिए मुझे बेहतर अंदाजा हो गया था कि उसे कैसे खेलना है, और मुझे कैसे खेलना चाहिए, और मुझे क्या बदलाव करने थे। इसलिए मुझे लगता है कि मैं बस अपना गेम खेलने की कोशिश कर रही थी, वही चीजें कर रही थी जो मैं करती आ रही थी, लेकिन पिछली बार जब हम खेले थे, तब से मुझे कुछ बदलाव करने थे।

### विश्व टीम टेटे चैंपियनशिप फाइनल्स भारतीय महिलाओं ने यूक्रेन को हराया

**पुणे (भाषा)।** भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने एक अहम ग्रुप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां यूक्रेन को 3-2 से हराकर आईटीटीएफ विश्व टीम चैंपियनशिप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से टीम ग्रुप 6 में शीर्ष पर रहने के लिए मजबूत स्थिति में भी पहुंच गई है। दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने अनुभवी टेट्याना बिलेंको पर 11-9, 7-11, 11-6, 11-5 से जीत हासिल की और भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। यूक्रेन ने दुनिया की 51वें नंबर की खिलाड़ी मार्गरीटा पेसोत्स्का ने पांच गेम के मुकाबले में यशस्विनी घोरपड़े को हराया। भारत ने दिया चिताले की बदौलत फिर से बढ़त बना ली जिन्होंने वेरोनिका माटियुनिना को 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। मार्गरीटा ने मनिका को 11-9, 5-11, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को निर्णायक पांचवें मैच तक पहुंचा दिया।

### चैंपियंस लीग में नया रिकॉर्ड सेमीफाइनल में गोलों की वर्षा

**पेरिस (एजेंसी)।** मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बायर्न म्यूनिख पर 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। चैंपियंस लीग के किसी सेमीफाइनल मुकाबले में यह सर्वाधिक गोल का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह खेला जाएगा। बायर्न की तरफ से हैरी केन ने 17वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसजी ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 5-2 की बढ़त बना ली, जिसमें तेजतर्रार विंगर ख्विचा क्वारात्सखेलिया (24वें और 56वें मिनट) और औस्मान डेम्बेले (45वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। पीएसजी के लिए जोआओ नेवेस ने भी 33वें मिनट में गोल किया था। बायर्न की तरफ से केन के अलावा माइकल ओलिस (41वें), डेयोत उपामाकानो (65वें) और लुई डियाज (68वें मिनट) ने गोल दागे।



## थॉमस कप : आयुष और प्रणय जीते लेकिन भारत फाइनल में चीन से हारा

भाषा ▶▶| होर्सेंस (डेनमार्क)

आयुष शेट्टी और एच एस प्रणय ने बुधवार को यहां जबरदस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की लेकिन भारत थॉमस कप फाइनल के अंतिम ग्रुप ए मुकाबले में चीन से 2-3 से हार गया। 2022 के चैंपियन भारत ने पहले ही क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। लेकिन लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के करीबी मुकाबले में हारने से भारत बैकफुट पर आ गया था जिससे चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई थी। दबाव भरे हालात में आयुष ने शानदार प्रदर्शन किया और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेंग होंग यांग को दूसरे एकल में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर अंतर कम किया।

दूसरे युगल मैच में हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी को ही जी टिंग और रेन जियांग यू से 17-21, 13-21 से हार मिली जिससे चीन ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। इसके बाद प्रणय ने तीसरे एकल में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लू गुआंग जू को 20-22, 21-19, 21-11 से हराया और हार के अंतर को और कम किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई। इस हार के बाद भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा और क्वार्टरफाइनल में उसका मुकाबला 2014 के विजेता जापान से होने की संभावना है। जापान ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा। आयुष पहले गेम में 17-17 की बराबरी पर थे लेकिन इसके बाद वेंग आगे निकल गए और भारतीय खिलाड़ी के नेट पर शॉट लगाने से इसे जीतने में सफल रहे।



## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीता 1 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप एवं यूनिवर्सल कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को समोआ के अपिया में तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। बेलाना हरिका ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर चैंपियनशिप के 69 किग्रा भार वर्ग में कुल 197 किग्रा (86 +111 किग्रा) वजन उठाकर दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

करंगी तरंगिनी ने 179 किग्रा (79 +100 किग्रा) और भूमिका मोहिते ने 195 किग्रा (109 +86 किग्रा) वजन उठाकर 63 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। यूनिवर्सल कप में अभिषेक निपाने ने कुल 324 किग्रा (140 +184 किग्रा) भार उठाकर 88 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय भारोत्तोलकों ने चार स्वर्ण पदक जीते थे।



### कोठारी ने आडवाणी को हराया, खिताब रखा बरकरार



**कारलो।** भारत के सौरव कोठारी ने एकतरफा फाइनल में हमवतन पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। कोलकाता के खिलाड़ी ने 3 घंटे तक चले फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने लगातार अच्छे ब्रेक बनाए। उन्होंने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। कोठारी ने फाइनल के बाद अपनी जीत को अपने पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित किया जिनका इस साल के शुरू में निधन हो गया था। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पिताजी के लिए इस प्रतियोगिता को दोबारा जीतना चाहता था। यह जीत मैं अपने पिताजी को समर्पित करता हूं।' कोठारी ने कहा, 'विश्व खिताब जीतना वाकई अविश्वसनीय लगता है और उसका बचाव करना तो और भी खास है।'

## एशियन बीच गेम्स में भारत ने 4 पदक जीते प्रिया मलिक व पुष्पा यादव ने स्वर्ण पदक कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एशियन बीच गेम्स 2026 में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता ने भारतीय पहलवानों ने बीच कुश्ती में चार पदक जीतकर देश के लिए कुल छह पदक हासिल किए। इसमें 70 किलोग्राम से ज्यादा भारवर्ग में जींद प्रिया मलिक और 60 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश की पुष्पा यादव ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 70 किलोग्राम में सिद्धार्थ ने रजत और जसप्रीत कौर ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य और कुल चार पदक जीते। यह प्रतियोगिता चीन में आयोजित की गई। पुष्पा यादव ने एशियाई चैंपियन चीन की शी मेंग्यू को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एशियाई पदक विजेता प्रिया मलिक ने फाइनल में मंगोलिया की बोलोर्तुनगलाग जोरिग्ट को 3-2 से हराकर कुश्ती में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में वियतनाम की थी लिन्ह डांग से हारने के बाद, जसप्रीत कौर ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में कजाकिस्तान की बेइबिट सेइडुआली को 2-0 से हराया। सेमीफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अब्दुल्ला को 1-0 से हराने के बाद, सिद्धार्थ को फाइनल में ईरान के अली अकबर ज़ारौदी से 3-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रियांशी प्रजापत के पास भी महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग में पदक जीतने का मौका था, लेकिन चोट की वजह से उन्हें कांस्य पदक के मुकाबले से अपना नाम वापस लेना पड़ा।

### 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-17 बालिका वर्ग) का शुभारंभ

## हरियाणा, छतीसगढ़, चंडीगढ़ और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मैच जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-17 बालिका वर्ग) का शुभारंभ वैश्य कॉलेज रोहतक के महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में हुआ। पहले दिन कुल आठ मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों को जीताने के लिए जोर लगाया। एमएस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड में हरियाणा व आईपीएससी की टीम का मैच हुआ। इसमें हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की जिसमें फलक ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। रेड बॉल -1 स्टेडियम में मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के बीच मैच हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की।





रेड बॉल 2 स्टेडियम में केरल और चंडीगढ़ की टीमों के मध्य मैच हुआ, चंडीगढ़ ने यह मुकाबला 20 रन से जीत लिया। महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु की टीम के मध्य मैच हुआ जिसमें महाराष्ट्र की टीम विजयी रही। वैश्य टेक्निकल इंस्टीट्यूट के क्रिकेट मैदान में ओडिशा और राजस्थान की टीम का मैच आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान ने मैच जीता। विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर कर्नाटक तथा सीआईएसई टीम के मध्य मैच हुआ जिसमें सीआईएसई ने 53 रन से शानदार विजय हासिल की। वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड टीम के बीच मैच हुआ, जिसमें उत्तराखंड की टीम विजयी रही। 22 याड्र्स स्टेडियम में आंध्र प्रदेश तथा नवोदय विद्यालय की टीम के बीच मैच हुआ। आंध्र प्रदेश ने यह मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम किया। उद्घाटन समारोह का आयोजन उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता के दिशा निर्देशन में और जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।




वर्तमान में बनी हुई स्थिति से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं को लेकर दोनों ने किया विचार-विमर्श

# भारतीय जहाजों पर हुआ हमला...भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली



अमेरिका के साथ जारी भीषण युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में भारत के ध्वज वाले मालवाहक जहाजों को ईरान की नौसेना द्वारा निशाना बनाए जाने की घटना के सामने आने के तुरंत बाद बुधवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों विदेश मंत्रियों ने वर्तमान में बनी हुई स्थिति से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। साथ ही जयशंकर और अराघची ने निकट भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने को लेकर अपनी सहमति जताई है। यह जानकारी भारतीय विदेश मंत्री ने 29 अप्रैल को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी है। यहां बता दें कि ईरान द्वारा हालिया गुजरे वक्त में भारत को अपने मित्र देश के अलावा सुरक्षित हाथों में होने का आश्वासन भी दिया गया था। जिसके हिसाब से उसके जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने देने की बात कही गई थी। लेकिन इसके बाद भी जहाजों पर हमले जारी हैं। यह मामला केवल भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाजों से जुड़ा हुआ नहीं है। बल्कि इसमें भारत की ओर आ रहे विदेशी ध्वज वाले जहाजों को भी ईरानी समुद्री बलों ने निशाना बनाया है। पूर्व में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नई दिल्ली में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. फतहली को तलब कर मामले पर कड़ी नाराजगी जताई थी। साथ ही इस संबंध में भारत के पक्ष को ईरान के उच्च-अधिकारियों के समक्ष उठाने को कहा था।

**होर्मुज में बनी रहे नौवहन की स्वतंत्रता:** गौरतलब है कि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच 28 फरवरी 2026 को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक बातचीत की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी क्रम में यह ताजा संवाद होने की जानकारी सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी क्षेत्र सहित दुनियाभर के देशों के अपने समकक्षों, शीर्ष नेताओं के साथ हुई बातचीत में होर्मुज जलडमरूमध्य में वैश्विक नियम-कानूनों के मुताबिक जहाजों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही को बनाए रखने पर जोर दिया है। इस संबंध में जारी सभी प्रयासों को उन्होंने अपना समर्थन प्रदान करने की बात भी कही है। वहीं, भारत इस संकट का बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने के पक्ष में है।

### तो मामला फ्रांस की नाकेबंदी से जुड़ा था?

रक्षा सूत्रों ने बताया कि हालिया समय में होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़ रहे जहाजों को निशाना बनाने की घटना के दौरान ईरान की नौसेना का असली निशाना तो फ्रांस के मालवाहक या अन्य जहाजों की ओर था। क्योंकि फ्रांस ने होर्मुज के नाकेबंदी का प्रयास किया था। जिसे ईरान ने बेहद कड़े अंदाज में स्वीकार करने से साफ इंकार कर दिया था। इस तर्क की पुष्टि इस बात से भी होती है कि ईरानी समुद्री सेना ने ड्रोन से हमला केवल फ्रांसिसी जहाज पर ही किया। भारत के जहाज तो इस प्रक्रिया के दौरान महज बीच में आ गए थे और उनपर अचानक गोलीबारी हो गई। यहां यह स्पष्ट कर दें कि अभी तक इस तथ्य की आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत हिरासत में



**बेरुत।** लेबनान प्रशासन ने फिलिस्तीन के पूर्व राजदूत को उसके देश में पहुंचने के कुछ ही देर बाद भ्रष्टाचार के आरोप में हिरासत में ले लिया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार राजदूत अशरफ डब्बूर को मंगलवार देर रात बेरूत के रफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इन अधिकरियों में दो न्यायिक क्षेत्र एवं सुरक्षा क्षेत्र के अधिकारी हैं तथा उन्होंने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। पिछले साल डब्बूर को लेबनान में फिलिस्तीन के राजदूत के पद से हटा दिया था।

### पूर्व राष्ट्रपति को अभियोग का सामना करना पड़ेगा



**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और उनके सचिव समन एकनायके पर 1.66 करोड़ श्रीलंकाई रुपए के सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के मामले में अभियोग चलाया जाएगा। एक स्थानीय अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति और एकनायके पर आरोप है कि वर्ष 2023 में विक्रमसिंघे की पत्नी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ब्रिटेन स्थित एक विश्वविद्यालय की यात्रा पर सरकारी धन खर्च किया गया था।

### पाक चौकी पर हमला नाकाम, 1 आतंकवादी ढेर



**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने बुधवार तड़के पुलिस चौकी पर किए गए हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। मीडिया ने यह जानकारी दी। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने बन्नू जिले में मजांगा पुलिस चौकी पर हमला किया।

## नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों का सम्मेलन

# दुनिया में उथल-पुथल के बीच भारत की कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार: जयशंकर

*राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अस्थिरता के दौर में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। सम्मेलन में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत और विदेश मंत्रालय के सीनियर अधिकारी शामिल हुए।*

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

विश्व में अभी उथल-पुथल का दौर है और आज की अस्थिर और बदलती दुनिया में भारतीय कूटनीति देश के हितों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार नई दिल्ली में आयोजित मिशन प्रमुखों का सम्मेलन में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह बात कही।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दुनिया के साथ भारत का जुड़ाव काफी बढ़ा है। भारत ने अपने मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया है।

**खास बातें**

- मिशन प्रमुखों का तीन दिवसीय सम्मेलन
- अन्य देशों में तैनात भारत के सभी प्रमुख राजदूतों ने हिस्सा लिया
- आज जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा



सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर

### भारतीय राजनयिकों के सम्मेलन को एस जयशंकर ने किया संबोधित

भारतीय राजनयिकों का यह सम्मेलन ऐसे वक्त हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट की वजह से भारत के सामने भी कई चुनौतियां हैं। इस सम्मेलन की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखा कि नई दिल्ली में 11वें राजदूतों और उच्चायुक्तों के सम्मेलन में भारत के हाई कमिश्नर, राजदूत और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को संबोधित किया। हमारी बातचीत में पिछले दशक में दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव में हुई काफी बढ़ोतरी को पहचाना गया।

### सम्मेलन में आज पीएम मोदी शामिल होंगे

एस. जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी आज यानी 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन में शामिल होंगे। सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां अपनी बात रख सकते हैं।

### गैब्रिएला सोमरफेल्ड से एस जयशंकर की मुलाकात


इससे पहले डॉ. एस. जयशंकर ने इक्वाडोर की अपनी समकक्ष गैब्रिएला सोमरफेल्ड से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, कृषि और कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे खास क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इसके अलावा, विदेश मंत्री सोमरफेल्ड ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी।

### देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार

एस. जयशंकर ने कहा कि एक अस्थिर और उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय डिप्लोमेसी देश के हित को आगे बढ़ाने और देश के लक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। 30 अप्रैल को भारतीय राजनयिकों के साथ मौजूदा जियोपॉलिटिक्स पर विचार-मंथन होगा।

## ब्रिटेन में आतंकी साजिश की आशंका

# लंदन में दो यहूदियों पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी ⏩ लंदन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में दो यहूदी लोगों पर चाकू से हमला हुआ है। हमले में घायल दोनों लोगों को मौके पर प्राथमिक इलाज देने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक हमला नॉर्थ लंदन के गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुआ, जहां बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। पुलिस ने घटना के कुछ समय बाद 45 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने कहा है कि काउंटर टेरर यूनिट मामले की जांच कर रही है और आतंकी लिंक की भी पड़ताल की जा रही है। आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर भी चाकू से हमला करने की कोशिश की। इसके बाद उसे टेजर मारकर काबू किया गया। बता दें, पहला हमला गोल्डर्स ग्रीन रोड पर दुकानों के बाहर हुआ, जबकि दूसरा पास की साइड रोड पर सिनेगॉग यहूदी धार्मिक स्थल के बाहर हुआ।

### यहूदी समुदाय पर हमला, ब्रिटेन पर हमला: पीएम स्टार्मर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यहूदी समुदाय पर हमला, ब्रिटेन पर हमला है। स्टार्मर ने कहा कि हमला बेहद चिंताजनक है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। यहूदी विरोधी बेहद भयावह हमला बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहूदी समुदाय को निशाना बनाना पूरे ब्रिटेन पर हमला है। लंदन मेयर सादिक खान ने कहा कि इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद इलाके को कुछ समय के लिए सील कर दिया गया। सड़कों पर सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

### अंतरराष्ट्रीय संगठन ने कार्रवाई की मांग

हमले के बाद यहूदी समुदाय के अंतरराष्ट्रीय संगठन वर्ल्ड जियोनिस्ट ऑर्गनाइजेशन ने पीएम कीर स्टार्मर और लंदन के मेयर सादिक खान से कार्रवाई की मांग की। संगठन के चेयरमैन याकोव हागोएल ने यहूदियों के खिलाफ बढ़ती नफरत पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन भी गए जनरल द्विवेदी, उच्च-स्तरीय संवाद प्रक्रिया का बने हिस्सा

# संपन्न हुई सेनाप्रमुख की अमेरिका यात्रा, मजबूत होगा द्विपक्षीय सामरिक सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली



सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का अमेरिका दौरा सफलता के साथ संपन्न हो गया है। जिसके निष्कर्षों पर नजर डालें तो सबसे पहले इसके माध्यम से भारत और अमेरिका के बीच सामरिक सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में मदद मिलेगी। सेना ने बुधवार को बताया कि सेनाप्रमुख की इस अमेरिका यात्रा से दोनों देशों के सैन्य संबंधों में सराहनीय वृद्धि देखने को मिली है। यहां बता दें कि जनरल द्विवेदी की यह यात्रा 20 से 23 अप्रैल तक की गई थी।

**पेंटागन में की उच्च-अधिकारियों से मुलाकात:** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कई महत्वपूर्ण सैन्य गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान उनकी डेनियल. पी. ड्रिस्कॉल (अमेरिकी सेना के सचिव), जनरल क्रिस्टोफर लानीव (अमेरिका के कार्यवाहक सेनाप्रमुख) के साथ मुलाकात हुई। इन उच्च स्तरीय सैन्य वार्ताओं में मुख्यरूप से भारत, अमेरिका के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने, दोनों देशों की थलसेनाओं के बीच सैन्य गतिविधियों के विस्तार और प्रशिक्षण, क्षमता विकास और संयुक्त सैन्य अभियानों जैसे मामलों को लेकर नए रास्तों की तलाश करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। दोनों पक्षों ने बातचीत के दौरान उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर अंतर-संचालनीयता और संयुक्तता के महत्व पर खासा जोर दिया है। भारतीय सेनाप्रमुख ने अमेरिका के अवर सचिव (रक्षा नीति) एलब्रिज कॉलबॉय, नेशनल गार्ड ब्यूरो के प्रमुख जनरल स्टीवन.एस.नॉरधाउस के साथ भी जरूरी चर्चा में भाग लिया। इन तमाम वार्ताओं में जटिल सामरिक परिदृश्य, रक्षा नीति समन्वय, भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग से जुड़ी संस्थागत कड़ियों का समावेश किया गया।

**आपसी विश्वास को प्रदर्शित करती यात्रा:** सेना ने कहा कि जनरल द्विवेदी की अमेरिका की इस यात्रा के दौरान पेंटागन का दौरा सबसे महत्वपूर्ण रहा। यह जटिल वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी को प्रदर्शित करता है। पेंटागन में हुई तमाम बैठकों के दौरान वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच हुए आदान-प्रदान के जरिए प्रमुख सामरिक प्राथमिकताओं को लेकर आपसी विश्वास और समन्वय को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सेनाप्रमुख की यह यात्रा भारत, अमेरिका के रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने के मामले में उठाए गए एक अन्य जरूरी कदम के समान है। जिसमें दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता, बढ़े हुए क्षमता विकास और प्रगाढ़ सैन्य सहयोग को लेकर मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## '2026 ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में खाद्य सुरक्षा पर बड़ा खुलासा

# अत्याधिक खाद संकट झेलने वाले टॉप 10 देशों में बांग्लादेश शामिल

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

'2026 ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' (जीआरएफसी) के अनुसार, वर्ष 2025 में उच्च स्तर की तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले लोगों की सबसे बड़ी संख्या वाले शीर्ष 10 देशों में बांग्लादेश भी शामिल है।

इस जानकारी का खुलासा एक रिपोर्ट के अनुसार हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में वर्ष 2025 के अंत तक लगभग 1.6 करोड़ लोग संकट स्तर की खाद्य असुरक्षा या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रहे थे।



### नियमित निगरानी भी जरूरी

रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की खाद्य सुरक्षा चुनौती असमानता का भी सवाल है। देश ने चावल उत्पादन बढ़ाने और मुख्य खाद्यान्न की आपूर्ति बनाए रखने में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन खाद्य सुरक्षा केवल उपलब्धता का मुद्दा नहीं है, यह पहुंच, पोषण, स्थिरता और सम्मानजनक जीवन से भी जुड़ा विषय है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि नीति निर्माण का नजरिया क्या पर्याप्त चावल है? क्या गरीब परिवार पूरे साल पौष्टिक भोजन खरीद सकते हैं?

**खाद्य महंगाई ने परिवारों के व्यवहार को बदला**

*रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के वर्षों में बांग्लादेश में खाद्य महंगाई ने परिवारों के व्यवहार को बदल दिया है। कई परिवारों ने प्रोटीन युक्त भोजन कम कर दिया है, सस्ते अनाजों पर निर्भरता बढ़ा दी है, स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च टाल दिया है, अनौपचारिक स्रोतों से कर्ज लिया है और बच्चों की जरूरतों में कटौती की है।*

### बच्चे हो रहे कुपोषण का शिकार

रिपोर्ट में कहा गया है कि जब चावल, खाद्य तेल, दाल, अंडे, मछली और सब्जियां लंबे समय तक महंगी बनी रहती हैं, तो इसका असर पोषण स्तर पर पड़ता है। बच्चे चुपचाप कुपोषण का शिकार होते हैं। महिलाएं अक्सर सबसे अंत में खाना खाती हैं और कम खाती हैं। गरीब परिवारों के बुजुर्ग अनियमित सहायता पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2025 में प्रवासी आय (रेमिटेंस) से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन इसे स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। रेमिटेंस का लाभ सभी क्षेत्रों और परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुंचता।

## 1000 रुपए फीस लगेगी

# भारत में ब्याही नेपाली महिलाओं को मिलेगी भारतीय नागरिकता

एजेंसी ⏩ काठमांडू



बगहा दो प्रखंड अंतर्गत वाल्मीकनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को विभागीय आदेश के आलोक में नेपाली मूल की वैसी महिलाएं जिनकी शादी भारतीय क्षेत्र में हुई है या परित्यक्ता है। उनका सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

वैसी महिलाओं को जिनकी शादी भारत में हुई है। उन्हें भारतीय नागरिकता दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह आवेदन ऑनलाइन या विकास मित्र, कार्यपालक सहायक के माध्यम से किया जा सकता है। अगर किसी महिला की जानकारी छुपाई जाती है या आवेदन नहीं किया जाता है तो, वैसी महिला भविष्य में सरकार से प्राप्त सुविधाओं से वंचित हो सकती है। भारतीय नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन का शुल्क एक हजार रुपए निर्धारित किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109